NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष : 05, अंक :-84, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 29 सितम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# विजय के घर को बम से उड़ाने की धमकी

## रैली में भगदड़ से अब तक 41 मौतें; सीबीआई जांच की मांग, हाईकोर्ट में सुनवाई टली





**चेन्नई।** तमिल सिनेमा के एक्टर विजय के नीलांकरई स्थित घर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। चेन्नई पुलिस को रात कॉल में बताया गया कि घर में बम रखा है। पुलिस ने तुरंत एक्टर के घर की सुरक्षा बढ़ाई और बम स्क्वॉड ने तलाशी ली। हालांकि, अब तक विस्फोटक मिलने की खबर नहीं है।

उधर, विजय की चुनावी रैली में हुई भगदड़ में मरने वालों की संख्या 41 पहुंच गई है। रविवार को 65 साल की घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कुल 41 मृतकों में 18 महिलाएं, 13 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, जिनमें से 51 आईसीयू में भर्ती हैं। तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय ने शनिवार को चुनावी रैली की थी। इसमें 10 हजार लोगों की परमिशन थी, लेकिन 30 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ आ गई। इससे भगदड़ मच गई। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम की याचिका दायर पर मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है। इसे अब मदुरै बेंच में दायर किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस हादसे की जांच के लिए जस्टिस अरुणा जगदीसन की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया।

स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की। वहीं, घायलों को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे।

सीएम स्टालिन देर रात को ही करूर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

# कुरुक्षेत्र में टकराईं दो कारें, पांच की मौत



**कुरुक्षेत्र।** कैथल रोड पर सुबह तेज रफ्तार क्रेटा और स्विफ्ट कारें आमने-सामने से टकरा गई। इसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पांचों शवों को खिड़की काटकर बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार ये सभी माता के जागरण से लौट रहे थे और यमुनानगर के रहने वाले हैं। हादसा पिंडारसी व घराडसी गांव के बीच में हुआ है।

मृतकों की पहचान चालक प्रवीण पुत्र स्वराज वासी बूबका, पवन पुत्र बालकिशन, राजेन्द्र पुत्र बालकिशन, उर्मिला पत्नी पवन और सुमन पत्नी सजंय के तौर पर हुई। सभी के शव एलएनजेपी अस्पताल में रखे गए हैं। हादसे में वंशिका (18) यमुनानगर, संतोष (45) पत्नी धर्मपाल वासी पपनावा, लीला देवी (52) पत्नी रिशिपाल निवासी पपनावा, ऋषि पाल (55) पुत्र कर्म सिंह निवासी पपनावा और प्रवीण (40) पुत्र जीता राम निवासी पपनावा घायल हैं और आनंद अस्पताल में दाखिल हैं।

## दिल्ली में तेज रफ्तार वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, तीन की मौत


**नई दिल्ली।** मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर रविवार देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना देर रात हुई। दिल्ली की आउटर रिंग रोड में मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार वाहन ने स्प्लेन्डर बाइक को टक्कर मार दी। इस बाइक में तीन लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को शक है कि आरोपी वाहन चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। हादसे के समय मौके पर कोई चश्मदीद नहीं था। इस वजह से आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे भी नहीं मिले हैं। ऐसे में पुलिस दूसरे रास्तों के सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है। मृतकों की पहचान शाहिद (उम्र-60), फैज (उम्र-28) और हमजा (उम्र-12) के रूप में हुई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281/106(1) के तहत जहांगीरपुरी थाने में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## गुजरात में लग्जरी बस और ट्रक की टक्कर में 3 लोगों की मौत

**बोटाद।** गुजरात के बोटाद जिले में सोमवार तड़के एक प्राइवेट बस के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए।



पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस इंस्पेक्टर परबाद वंदा ने बताया कि बस जिले के रानपुर तालुका से पर्यटकों को लेकर आ रही थी, तभी पलियाद कस्बे के पास खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और लगभग 20 लोग घायल हो गए ह्लह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यबस जिले के रानपुर तालुका के एक गांव से पर्यटकों को लेकर जूनागढ़ गई थी और लौटते वक्त ये हादसा हुआ ह्लह्ल अधिकारी ने बताया कि घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



## बरेली बवाल

# 1600 उपद्रवियों को जुटाने वाला नदीम गिरफ्तार



**बरेली।** आई लव मोहम्मद के समर्थन में हुए उपद्रव के मामले में पुलिस ने रविवार को आईएमसी नेता नदीम सहित 22 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आईएमसी नेता नदीम को देर रात शाहजहांपुर जिले के कटरा क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें से 16 लोगों पर बवाल करने और 6 पर मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी के बाद लोगों को भड़काने का आरोप है। उधर, बरेली विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने तौकीर के करीबी आरिफ के एक होटल और दो बरातघर को सील कर दिया है।

एसपी सिटी मानुष परीक ने कहा कि बवाल करने के आरोपियों में से 13 कोतवाली और दो बारादरी थाना क्षेत्र के हैं। जबकि मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को भूड़ कब्रिस्तान के पास लोगों को भड़काने और टोकने पर पुलिस टीम पर हमलावर होने के आरोप में प्रेमनगर थाने में नया मुकदमा दर्ज कर छह अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मौलाना तौकीर रजा समेत कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। संदिग्ध 26 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

एसपी सिटी ने बताया कि शुक्रवार को भीड़ की ओर से किए गए पथराव और फायरिंग में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, किला, कैंट व प्रेमनगर थाने में एक-एक एफआईआर दर्ज कर 125 लोगों को नामजद किया गया है। तीन हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भड़क उठी बगावत, बिगड़े हालात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आग लोग भड़क गए हैं। यहां हालात पूरी तरह से बेकाबू नजर आ रहे हैं। पाकिस्तानी हुक्मरानों के अत्याचार से तंग पीओके की जनता अब बगावत पर उतर आई है। यहां अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हालात ये हैं कि सोमवार को यहां हड़ताल का ऐलान किया गया है जिससे लॉकडाउन जैसे हालात नजर आ रहे हैं।

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर में हजारों की संख्या लोग सड़कों पर उतरे हैं। विरोध प्रदर्शन ने आम जनजीवन पूरी तरह से ठप पड़ गया है। दुकानें बंद हैं, सड़कें अवरुद्ध हैं और पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर रोक लगा दी गई है। अवामी एक्शन कमेटी के कॉल पर मुजफ्फराबाद से कोटली तक भारी संख्या में प्रदर्शनकारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों में जुटे हैं। प्रदर्शन में शामिल हुए लोग इंसाफ और



हक के नारे लगा रहे हैं।

बता दें कि, अवामी एक्शन कमेटी एक नागरिक गठबंधन है जिसने हाल के महीनों में खासी लोकप्रियता मिली है। इस संगठन से बड़ी संख्या में युवा जुड़े हैं। यह संगठन 38 सूत्रीय चार्टर संरचनात्मक सुधारों की मांग करता है, जिसमें पाकिस्तान में रहने वाले कश्मीरी शरणार्थियों के लिए आरक्षित ढ्ङ्क विधानसभा में 12 विधायी सीटों को समाप्त करना शामिल है। अन्य मांगों में सब्सिडी वाला आटा, मंगला जलविद्युत परियोजना से जुड़ी उचित बिजली दरें और इस्लामाबाद की ओर से वादा किए गए लंबे समय से रुके सुधारों को जमीन पर लागू करना शामिल है।

मुजफ्फराबाद में लोगों को संबोधित करते हुए अवामी एक्शन कमेटी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर ने घोषणा की कि हमारा संघर्ष 1947 से हमें अस्वीकार किए गए बुनियादी अधिकारों के लिए है। पाकिस्तान सरकार पीओके को एक कॉलोनी की तरह मानती है, ना कि समान अधिकारों वाले अभिन्न अंग के रूप में।

पीओके में हो रहे प्रदर्शनों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हालात को देखते हुए पाकिस्तानी सरकार ने इन प्रदर्शन को दबाने पर उतारू नजर आ रही है। कई इलाकों में भारी सुरक्षा बलों की तैनाती की है। इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। इस्लामाबाद से अतिरिक्त फोर्स मंगाई गई है। मुजफ्फराबाद जैसे शहरों में एंट्री और एग्जिट वाले रास्तों पर अवरोधक लगा दिए गए हैं।

# महाराष्ट्र में बारिश-बाढ़, 10 लोगों की मौत

## पुणे के तमहिनी में इस मानसून देश की सर्वाधिक बारिश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई जिलों में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई। इनमें नासिक जिले में 4, धाराशिव और अहिल्यानगर में दो-दो और जालना और यवतमाल में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

राज्य के विभिन्न हिस्सों से 11,800 से ज्यादा लोगों को बचाया गया। मराठवाड़ा क्षेत्र के छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, लातूर, नांदेड़, हिंगोली और परभणी जिलों में बाढ़ आ गई है। मुंबई में शनिवार रात से भारी बारिश हो रही है। नासिक में गोदावरी नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। शहर में नदी के किनारे रामकुंड इलाके के कई मंदिर जलमग्न हो गए हैं। पूरे महाराष्ट्र में एनडीआरएफ की 16 टीमें तैनात की गई हैं। दो टीमों को पुणे में स्टैंडबाय पर रखा



गया है। पुणे जिले की मुलशी तहसील स्थित सुरम्य तमहिनी घाट में इस मानसून सीजन 9,000 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। यह इस साल भारत का सबसे अधिक बारिश वाला स्थान बन गया है। अब तक पूर्वोत्तर राज्य मेघालय के चेरापूंजी और मौसिनराम गांवों में सबसे ज्यादा बारिश होती थी।

## असम में मटक समेत 6 आदिवासी समुदाय सड़कों पर उतरे

**दिसपुर।** असम इन दिनों अपने मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मातम मना रहा है। हर घर शोक में डूबा है, लेकिन यहां की सरकार एक नई चुनौती का तनाव महसूस कर रही है। यह तनाव है यहां की 6 आदिवासी जनजातियों का। बीते 10 दिन में असम का मटक समुदाय सड़कों पर है।

मटक समुदाय दो बड़ी रैलियां कर चुका है। हर बार 30 से 40 हजार आदिवासी हाथ में मशाल लेकर सड़कों पर उतरे हैं। रैली डिब्रूगढ़ में हुई, लेकिन इसकी धमक गुवाहाटी समेत पूरे राज्य में महसूस की गई। यह समुदाय खुद के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा और सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और प्रशासनिक फैसले खुद ले सकने की मांग कर रहा है। अकेले मटक समुदाय ही नहीं, पांच अन्य जनजातियां भी हैं, जो सड़कों पर उतरी हैं। ये राज्य की कुल आबादी का करीब 12% हैं।

इस आंदोलन की कमान भी युवा ही संभाल रहे हैं। रैली की भीड़ में ज्यादातर आबादी 30 साल से कम की है। ऑल असम मटक स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष संजय हजारिका ने बताया, हम मूल रूप से जनजाति हैं, लेकिन आज तक हमें दर्जा नहीं मिला। मौजूदा सरकार ने हर बार हमसे धोखा किया। लिहाजा अब हम आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कोई समाधान नहीं निकलता। मटक बहुल हर जिले में रैली निकालेंगे। नई दिल्ली जाकर विरोध दर्ज कराएंगे।

# राजनीतिक संघर्ष के लिए तैयार हूंः पूर्व पीएम केपी शर्मा

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएलके प्रमुख केपी शर्मा ओली ने उन अटकलों को खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि वह देश छोड़ने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने मौजूदा अंतरिम सरकार पर आरोप लगाया कि वह उनकी सुरक्षा और सरकारी सुविधाओं को छीनने की कोशिश कर रही है। 'ढाका ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

ओली ने भक्त के गुंडु में पार्टी के संगठन 'युवा संघ नेपाल' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने



स्पष्ट कहा कि वह देश छोड़ने वाले नहीं हैं और राजनीतिक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने समर्थकों से पूछा, क्या आपको लगता है कि हम यह देश इस आधारहीन सरकार को सौंपकर भाग जाएंगे? ओली ने कहा कि उनका लक्ष्य देश में शांति, सुशासन और सांविधानिक व्यवस्था की बहाली करना है। रिपोर्ट के मुताबिक, ओली ने हाल ही में नौ सितंबर को प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास 'बलुवाटार' खाली किया था। यह कदम तब उठाया गया, जब जेन जेड के विरोध प्रदर्शनों के कारण उनकी सरकार गिर गई। इसके बाद वह भक्तपुर के गुंडु में एक किराए के मकान पर रहने चले गए। प्रदर्शनकारियों ने उनका निजी आवास जला दिया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार जनता की इच्छा से नहीं, बल्कि तोड़फोड़ और आगजनी के जरिए सत्ता में आई है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि अगर विरोध प्रदर्शन के दौरान उनकी ओर से सरकारी अधिकारियों को कोई निर्देश दिए गए हैं, तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए। ओली ने कहा, उन्हें हिम्मत से प्रकाशित करो। मेरे निर्देश सार्वजनिक करो। मेरे पास छिपाने जैसा कुछ नहीं है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 29 सितम्बर, 2025


# दो युवक यमुना में डूबे-एक को बचाया, दूसरे की तलाश

**वृंदावन।** अपने भाई, बहनोई और दोस्तों के साथ दिल्ली से वृंदावन घूमने आए दो युवक जुगल घाट पर यमुना नदी में डूब गए। गोताखोर नाविकों ने एक को निकाल लिया, जबकि दूसरे का अब तक पता नहीं चल सका है। रविवार को दिल्ली के थाना सब्जी मंडी मलकागंज, कबीर बस्ती निवासी 19 वर्षीय हरीश पुत्र महेंद्र अपने भाई नीतेश, बहनोई मोंटी और उनके दोस्त हरिशंकर, अभिषेक, शशांक के साथ सुबह वृंदावन घूमने आए थे।

सुबह संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने के बाद सभी जुगल घाट पहुंचे और यमुना स्नान करने लगे। स्नान के दौरान हरीश व अभिषेक यमुना पार करने लगे। तेज बहाव और गहराई के कारण यमुना के बीच में जाकर दोनों डूबने लगे। घाट पर मौजूद नाविकों ने युवकों को नदी में



डूबता देख उन्हें बचाने नदी में कूद गए। नाविकों ने नदी के गहरे पानी से अभिषेक को बाहर निकाल लिया, जबकि हरीश गहरे पानी में डूब गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से हरीश की तलाश तेज कर दी है, लेकिन पता नहीं चल सका है। नदी में डूबे हरीश के भाई नीतेश ने बताया कि वह एक अच्छा तैराक था। वह चांदनी चौक स्थित दुकान पर चश्मा बनाने का कार्य करता था।

# फिरोजाबाद में टॉप टेन अपराधी मुखिया मुठभेड़ में गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ के बाद कुख्यात हिस्ट्रीशीटर मुखिया पुत्र लायक सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर एक्ट में वांछित मुखिया के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह कार्रवाई सिरसागंज थाना क्षेत्र में हुई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम सूरजपुर दुगमई नहर के पास चेकिंग कर रही थी, तभी नगला खंगर की तरफ से आ रही एक काली अपाचे बाइक पर संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की।

भागने की हड़बड़ाहट में बाइक फिसल गई। इसके बाद आरोपी मुखिया ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से मुखिया



घायल होकर गिर पड़ा, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा और दो खोखा कारतूस, तथा चोरी की काली अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी मुखिया के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में लूट, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार, गैंगस्टर एक्ट, आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट सहित दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उस पर कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट और धारा 82 की कार्यवाही भी जारी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मुखिया फिरोजाबाद जिले के टॉप टेन सक्रिय अपराधियों में शामिल था और लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस मुठभेड़ और गिरफ्तारी में थाना प्रभारी वैभव कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, भैय्यालाल, राजनारायण सहित हेड कॉन्स्टेबल और सिपाहियों की टीम शामिल रही। पुलिस ने कहा कि फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# बाइक शोरूम स्वामी हत्याकांड में अशोक पांडेय को भेजा जेल

एनएनआई

**अलीगढ़।** सीओ प्रथम मयंक पाठक के अनुसार अशोक पांडेय से अब तक पूछताछ व जांच में तकनीकी साक्ष्यों के सहारे उजागर हुआ है कि यह हत्या पूजा शकुन ने साजिश रचकर कराई है, जिसकी पूरी जानकारी व मूक सहमति अशोक पांडेय को थी।

बाइक शोरूम स्वामी अभिषेक गुप्ता की हत्या की साजिश में आरोपी अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडेय को रविवार को जेल भेज दिया गया। अब तक की पुलिस जांच में उजागर हुआ कि इस हत्या की साजिश पूजा शकुन पांडेय द्वारा रची गई, जिसमें अशोक पांडेय शामिल रहे और उन्हें पूरी जानकारी दी। इस तरह के तकनीकी साक्ष्य पुलिस को मिले हैं, जिसके आधार पर अशोक पांडेय को जेल भेजा गया है। बाकी पूजा शकुन व शूटरों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रयासरत है। हाथरस सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव कचौरा निवासी बाइक शोरूम संचालक अभिषेक गुप्ता की शुक्रवार देर शाम खेरेश्वर चौराहा पर रोडवेज बस में चढ़ते समय बाइक सवार शूटरों ने हत्या कर दी थी। घटना के समय वे अपने गल्ला आढ़ती पिता नीरज



गुप्ता व चचेरे भाई संग खैर से कचौरा जा रहे थे। इस हत्या का मुकदमा रोरावर थाने में गांधीपार्क के बी-दास कंपाउंड की अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ पूजा शकुन पांडेय व उनके पति राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडेय व दो अज्ञात आरोपियों पर कराया गया। जिसमें पांडेय दंपती पर साजिश रचकर हत्या कराने का आरोप है। इधर, पुलिस ने 26 सितंबर रात ही अशोक पांडेय को हिरासत में ले लिया था। सीओ प्रथम मयंक पाठक के अनुसार अशोक पांडेय से अब तक पूछताछ व जांच में तकनीकी साक्ष्यों के सहारे उजागर हुआ है कि यह हत्या पूजा शकुन ने साजिश रचकर कराई है, जिसकी पूरी जानकारी व मूक सहमति अशोक पांडेय को थी। खुद अशोक पांडेय पहले अभिषेक को किसी झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाना चाहते थे। जब उसमें बात नहीं बनी तो हत्या की साजिश रची गई।

# संदिग्ध हालत में किसान की मौत

**हाथरस** एनएनआई। हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला पटरी में एक किसान की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है।

कोतवाली हसायन क्षेत्र के गांव नगला पटरी निवासी 62 वर्षीय प्रेमपाल सिंह पुत्र नरसिंह पाल सिंह रोजाना की भांति कल दोपहर को अपने खेत और नलकूप पर गए थे लेकिन जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटे तो परिवार के लोग उन्हें देखने के लिए वहां पर पहुंचे। वहां पर चारपाई पर वह मृत अवस्था में पड़े थे। उनके गर्दन पर चोट के निशान थे। मौके पर भीड़ लग गई और परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने भी वहां पहुंचकर जांच पड़ताल की। परिवार के लोगों का आरोप है के किसी ने रस्सी या तार से गला घोंटकर प्रेमपाल सिंह की हत्या की है। उनके कोई संतान नहीं थी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम को भिजवाया है और मामले में जांच पड़ताल कर रही है।



# गेस्ट हाउस में चल रहा था देह व्यापार, तीन संचालकों सहित छह को दबोचा

एनएनआई

**आगरा।** ताजगंज क्षेत्र में ताज व्यू तिराहा के पास स्थित श्यामजी पेइंग गेस्ट हाउस में घिनौना काम चल रहा था। प्रयागराज की एनजीओ फ्रीडर्म फर्म की सूचना पर शनिवार में रात को पुलिस ने छापा मारा। गेस्ट हाउस संचालक पिता-दो पुत्रों के साथ 3 दलाल पकड़े गए। कमरे में कानपुर की 16 वर्षीय किशोरी मिली। उसको मुक्त कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया। तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

श्यामजी पेइंग गेस्ट हाउस के संचालक जगदीश बाबू हैं। उनके दोनों बेटे भी बैठते हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि गेस्ट हाउस में पर्यटक कम आते हैं और खर्च निकालने के लिए आरोपी देह व्यापार कराते हैं। कानपुर की एक किशोरी को लाया गया है। एसीपी ताज सुरक्षा सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि टीम के साथ पुलिस गेस्ट हाउस में पहुंची। तीनों संचालक रिसेप्शन पर ही मिल गए। दो कमरों से तीन दलाल भी पकड़े गए। पुलिस को देखकर छापे का हल्ला आरोपियों ने मचाया था। इस पर लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने चारों तरफ से होटल को घेर रखा था। कोई भी भाग नहीं सका। होटल में



मिली किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में केस दर्ज किया गया है। पुलिस की पूछताछ में किशोरी ने बताया कि मां कई साल पहले पिता को छोड़कर चली गई। पिता नशा करते हैं। इस कारण घर का खर्च नहीं चल पाता है। उसकी पहचान सुमित नामक युवक से हो गई थी। सुमित ने पिता को आश्वासन दिया कि उसकी नौकरी लगवा देगा। वह अपनी परिचित युवती और अर्जुन के साथ आगरा ले आया। उसे गेस्ट हाउस में ठहरा दिया और देह व्यापार कराया जा रहा था। ग्राहक होटल संचालक को रकम देते थे। कमरे में किशोरी के साथ आरोपी अनवर भी पकड़ा गया। दूसरे कमरे में अतुल और पंकज मिले। दोनों युवतियों को होटल में लेकर आते हैं। 15 से 20 दिन तक रखा जाता है। ग्राहकों से आईडी भी नहीं ली जाती है।

*इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने ताजगंज स्थित गुलाब नगर निवासी मनोज, उसके भाई विनोद और पिता जगदीश बाबू को गिरफ्तार किया है। वह मूलरूप से डौकी के गांव नगला भोला, कुंडौल के रहने वाले हैं। उनके अलावा लॉयर्स कालोनी निवासी अतुल, गोपालपुरा निवासी पंकज और गालिब नगर, फिरोजाबाद निवासी अनवर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 5 मोबाइल, 76500 रुपये और एक रजिस्टर बरामद किया गया। ताजगंज क्षेत्र के होटलों में पहले भी देह व्यापार पकड़ा जा चुका है। इस बात की भनक थाना पुलिस को नहीं लग पाती है। एनजीओ की सूचना पर कार्रवाई की जाती है।

# बेकाबू ट्रक ने युवक को रौंदा

## सौ फुटा टेढ़ी बगिया पर सुबह-सुबह हुआ हादसा

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के सौ फुटा रोड पर तेज रफ़्तार ट्रक ने एक युवक को अपनी चपेट में लेकर रौंद दिया। गंभीर हालत में घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

घटना सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे की है। सौ फुटा रोड पर तेज रफ़्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार 32 वर्षीय संजय कुशवाहा पुत्र स्व: ओमी लाल कुशवाह निवासी नारायच को अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह रौंद दिया। यह देख राहगीरों ने ट्रक का पीछा करने की कोशिश तो ट्रक



चालक ने उन्हें भी चपेट में लेने की कोशिश की। घायल को उपचार के लिए समीप के हास्पिटल ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया संजय अपनी बाइक से हाथरस रो स्थित ट्रांसपोर्ट कम्पनी पर नौकरी करने जा रहे थे। सौ फुटा रोड पर कंपनी के काम से गया था। काम खत्म करके वह जैसे ही कंपनी जाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से निकला तभी टेड़ी बगिया की तरफ से आ रहे तेज रफ़्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक के पहिये संजय के ऊपर से निकल गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया।

मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। घटना के बाद से सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## लाखों की फीस लेकर कोचिंग संचालक फरार

**आगरा** एनएनआई। एक कोचिंग संचालक 12 से अधिक छात्र-छात्राओं की फीस लेकर लापता हो गया। कोचिंग पर ताला लगा है। अभिभावकों ने रविवार को ट्रांस यमुना थाने पर करीब एक घंटे तक हंगामा किया। फाउंड्री नगर निवासी रामनरेश समेत अन्य अभिभावकों ने आरोप लगाया कि इस्लाम नगर निवासी एक युवक टेढ़ी बगिया और ट्रांस यमुना क्षेत्र में दो कोचिंग चलाता है। इसमें शिक्षिका भी पढ़ाती थी। उनसे एक साल की फीस जमा कराई गई थी। चार दिन पहले छात्र-छात्राएं पढ़ने गए तो कोचिंग पर ताला लगा मिला। संचालक को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं हुआ। बाद में पता चला कि शिक्षिका भी नहीं आ रही है। खुद को ठगे जाने पर छात्रों के परिजनों ने हंगामा किया।

# चार महीने बाद हुआ छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा

- बजरंगियों के प्रदर्शन के बाद जागी ट्रांस यमुना पुलिस

**आगरा** एनएनआई। ट्रांस यमुना क्षेत्र में एक दंपत्ति पर महिला ने बेटी से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि पुलिस ने तीसरी बार शिकायत पर केस दर्ज किया। रविवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव भी किया। पीड़िता की मां ने बताया कि वह मजदूरी करती है। 14 सितंबर को काम पर गई थी। 22 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। मोहल्ले में रहने वाले बंटू खां और उसकी पत्नी शीला बेटी से गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर घर में घुस कर मारपीट और छेड़छाड़ की। जान से मारने की धमकी दी। शाम को घर लौटने पर बेटी ने घटना के बारे में बताया। थाने पर शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी से सांठगांठ की वजह से पुलिस ने कुछ नहीं किया। 15 सितंबर को ऑनलाइन शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी का ही पक्ष लिया। तीसरी बार शिकायत बजरंगियों के प्रदर्शन करने पर केस दर्ज किया गया है।

प्रदर्शन के दौरान जिला संयोजक अनिल शर्मा, शैलू जाट, विजय कश्यप आदि मौजूद रहे। एसीपी छत्ता पियूष कांत राय ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# शनि बाजार में किराए पर उठाए जाने वाले पलंग जलाने पर केस

- नगर पालिका परिषद की अनुमति से रामलीला मैदान में सजता है प्रत्येक शनिवार को अस्थाई बाजार

एनएनआई

**एत्मादपुर।** रामलीला मैदान में नगर पालिका परिषद की ओर से प्रत्येक शनिवार को लगवाए जाने वाले अस्थाई शनि बाजार में आने वाले दुकानदारों को किराए पर दिए जाने वाले पलंगों में किसी ने रात में आग लगाकर जला दिया। मामले में पीड़ित ठेकेदार ने एक युवक के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

ग्राम संवाईं निवासी पवनेश प्रताप सिंह पुत्र उदयवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि नगर पालिका परिषद के अस्थाई शनि बाजार का उन पर ठेका है। प्रत्येक शनिवार को आने वाले बाहरी दुकानदारों को वह किराए पर पलंग और बांस की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। जिन्हें वह अब तक रामलीला मैदान में बने कमरे में रखते थे। लेकिन रामलीला मंचन के कारण मैदान में बना कमरा खाली कराए जाने पर पलंग और बांस पुरानी तहसील के खाली भवन में रख दिए थे। जहां शुक्रवार की रात 11.30 बजे मोहल्ला कोठी निवासी हरिओम कुशवाह पुत्र स्व. बाबू लाल ने धमकी देकर पलंगों में आग लगा दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पीड़ित ठेकेदार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद का प्रतीत होता है।

## पालिकाध्यक्ष के ड्राइवर से मारपीट पर मुकदमा

**एत्मादपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष के निजी कार चालक ने घर जाते समय रास्ते में कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है मोहल्ला बीचपुरवियान निवासी शुभम वशिष्ठ पुत्र सतेन्द्र वशिष्ठ ने दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि वह नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डा. सुरेश कुशवाहा की कार चलाते हैं। कल रात 9.30 बजे कार्यालय परिसर में गाड़ी खड़ी कर वह घर जा रहा था। स्टार होटल के पास मोहन पुत्र खेतपाल, उदय बघेल, रिंकू पुत्रगण कालीचरण बघेल, बाबी बघेल आदि ने रास्ते में रोककर लोहे की राड से मारपीट करते हुए जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी इससे पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुके है। पुलिस का कहना है कि मामला कहासुनी का है। मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# साइबर ठगों ने एफडी तुड़वा 23 लाख रुपये कराए ट्रांसफर

## सात दिन डिजिटल अरेस्ट रहे पूर्व कृषि वैज्ञानिक

**आगरा** एनएनआइ। साइबर ठगों ने मुंबई से ईडी और आयकर अधिकारी बनकर 80 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एचसी नितांत को सात दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 23 लाख रुपये की ठगी की।

ट्रांस यमुना स्थित श्रीनगर कॉलोनी निवासी डॉ. एचसी नितांत भारतीय कृषि अनुसंधान के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक हैं। वह 18 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। 10 सितंबर को सुबह 9 बजे उनके व्हाट्सएप पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहाकि मैं अजय पाटिल बोल रहा हूं। प्रवर्तन निदेशालय में अधिकारी हूं। कहाकि आपके नाम से खाता मुंबई की एक बैंक की शाखा में है। खाते में 30 करोड़ से अधिक का अवैध लेनदेन हुआ है। इसमें बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह ने रकम भेजी है। यह रकम आरोपी सदाकत खां के माध्यम से आई है। खाते में 30 लाख रुपये बचे हैं। बाकी रकम निकाल ली गई है।

धमकी से डॉ. एचसी नितांत घबरा गए। कहाकि उन्होंने कुछ नहीं किया है। गलतफहमी हो गई है। 11 सितंबर को फिर से फोन आया। इस बार दया नामक व्यक्ति ने बात की। उसने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताया। कहाकि तुम्हारे घर पर किसी भी समय ईडी और आयकर का छापा पड़ सकता है। जांच में तुम्हारे खाते में अवैध रकम आने की बात सामने आई है। डर की वजह से उन्होंने कहा कि उनकी 23 लाख की एफडी है। 17 सितंबर को वो बैंक गए। एफडी की रकम खाते में ट्रांसफर करा ली। बाद में आरोपियों ने यह रकम आरटीजीएस के माध्यम से ले ली। रकम गंवाने के बाद डॉ. नितांत ने 18 सितंबर को बेटे घटना की जानकारी दी। तब उन्होंने साइबर ठगी की आशंका जाहिर की।

NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 29 सितम्बर, 2025


# डॉ. हरेंद्र गुप्ता बने आईएमए अध्यक्ष, प्रचंड बहुमत से हासिल की जीत

एनएनआई

**आगरा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आगरा के रविवार को हुए चुनावों में डाक्टर हरेन्द गुप्ता ने बाजी मारते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों से पराजित किया। आईएमए भवन लोहामंडी में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक हुए मतदान 840 चिकित्सकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद घोषित किए गए परिणामों में डॉ. हरेंद्र गुप्ता ने 555 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी डॉ. योगेश सिंघल को 280 वोट मिले। 5 वोट अमान्य घोषित हुए। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनूप दीक्षित ने इसकी घोषणा की। चुनावी प्रक्रिया का संचालन वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. जेएन टंडन, डॉ. राजीव उपाध्याय, डॉ. मुकेश गोयल, डॉ. ओपी यादव और डॉ. रवि पचौरी ने किया। गठित हुई नई कार्यकारिणी चुनाव परिणाम के साथ ही आईएमए आगरा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष डॉ. पंकज नगयाच,अध्यक्ष निर्वाचित डॉ. हरेंद्र गुप्ता,सचिव डॉ. रजनीश मिश्रा,उपाध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह, डॉ. जितेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष डॉ.




मुकेश भारद्वाज, संयुक्त सचिव डॉ. करन आर रावत, डॉ. अश्विनी यादव,सांस्कृतिक सचिव डॉ. अमिता कुशवाहा, वैज्ञानिक सचिव डॉ. दीप्ति माला अग्रवाल,संपादक डॉ. अर्पिता सक्सेना, खेल सचिव डॉ. अशोक गुप्ता चुने गए। इस मौके पर आईएमए एएमएस चेयरमैन डॉ. अनुपम गुप्ता, वाइस-चेयरमैन डॉ. संजीव मेहरोतिया, सचिव डॉ. संतोष कुमार, डॉ. डी. वी. शर्मा भी मौजूद रहे। परिणाम घोषित होते ही डॉक्टरों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर और बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार किया। सचिव डॉ रजनीश मिश्रा का कहना है किडॉ. हरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में आईएमए संगठन और मजबूत होगा । प्रेसिडेंट आईएमए आगरा डॉक्टर पंकज नगायच ने कहा आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सकों के हितों की दिशा में आगरा नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

> डॉ. हरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद चार कार्य प्राथमिकता में रहेंगे। पहला ब्लड बैंक स्थापित कराना, जिसमें जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क सुविधा मिले। मरीजों की किसी भी चिकित्सक की शिकायत के लिए सेल बनाना। चिकित्सकीय संस्थानों के पंजीकरण की परेशानियों को दूर करना, पुलिस- प्रशासन और चिकित्सकों के बीच बेहतर सामंजस्य बिठाना उनकी प्राथमिकता है

# छोटी सी आदत ला सकती है बदलाव

**रेलवे ने स्वच्छता का संदेश देते हुए यात्रियों को किया जागरुक**

- आगरा कैंट और मथुरा रेलवे स्टेशन पर चलाया गया अभियान

एनएनआई

**आगरा।** छोटी सी आदतें बडा बदलाव ला सकती हैं। इधर-उधर कचरा फैलाने के बजाए डस्टबिन में ही डालें। स्वच्छता पखवाडा के तहत रेलवे द्वारा आगरा कैंट और मथुरा स्टेशन पर यात्रियों को जागरुक करते हुए गंदगी न फैलाने का संदेश दिया। मण्डल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के नेतृत्व में आगरा मण्डल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को स्टेशन निदेशक मथुरा एनपी सिंह के नेतृत्व में मथुरा जंक्शन स्टेशन को स्वच्छ बनाने के लिए यात्रियों को जागरूक किया गया। स्वच्छता पर रेलवे स्टेशन पर यूथ कनेक्ट एक्टिविटी पर जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया। इसके तहतयुवाओं को स्वच्छता के महत्व और इसके दैनिक जीवन में योगदान के बारे में जानकारी दी गई। आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर युवा संपर्क विषय पर एक विशेष गतिविधि आयोजित की गई। इस गतिविधि के माध्यम से युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा इधर-उधर न फैलाएं, हमेशा डस्टबिन का उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छोटी-सी आदतें जैसे पॉलिथीन का कम प्रयोग करना या गंदगी को उठाकर कूड़ेदान में डालना बड़ा बदलाव ला सकती हैं।




# सच्चा खजाना बैंक बैलेंस नहीं जीवन के मूल्य हैं

- आरबीएस कालेज खंदारी के सभागार में हुआ रूह रेहान सिंधी कार्यक्रम
- वर्तमान समय की चुनौतियों में जीने की कला दीदी कृष्णा ने सिखाई

एनएनआई

**आगरा।** सच्चा खजाना बैंक बैलेंस नहीं बल्कि आपके जीवन के मूल्य हैं। सादगी, सेवा और सत्य मनुष्य का वास्तविक आभूषण है। इंसान के दुखों का कारण उसकी तृष्णा है। उक्त बातें आरबीएस खंदारी कालेज के राव कृष्णपाल सिंह सभागार में रूह रेहान सिंधि कार्यक्रम में दीदी कृष्णा ने व्यक्त की। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह तकनीक और आधुनिक साधनों के साथ-साथ संस्कार और मानव मूल्यों को भी अपनाएं। दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में दीदी कृष्णा ने कहा कि समाज में प्रेम, करुणा और सहिष्णुता के बिना प्रगति अधूरी है। साधू वासवानी मिशन के सिद्धांतों को बताते हुए कहाकि मिशन सदैव सेवा शिक्षा, स्त्रियों व वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दीदी गुलशन दुनानी व हर्षिका आडवानी ने श्रीमन नारायण नारायण नारायण... का कीर्तन किया। साथ ही जय गणेश जय गणेश देवा..., ओम नमः शिवाय..., हरे कृष्णा हरे राम ददा श्याम दादा श्याम..., श्रीराम व राधे श्याम... के संकीर्तन ने भक्ति की गंगा बहाई। हर भक्त तालियां बजाते हुए संकीर्तन करता नजर आया। इस मौके पर सिंध हेल्पेज संस्था के अध्यक्ष सुरेश शीतलानी, सचिव महेश मंगरानी, डॉ. हरीश मीरचंदानी, राजू भगत, रेखा बालानी, मंजू, निचानी, नानकराम लखवानी, जोगन जेठानी, गुलाब लधानी, राजेश हेमदेव आदि उपस्थित थे।




# मेहंदी और रंगोली में दिखा सृजन और संस्कृति का संगम

- दशहरा महोत्सव के तहत हुई प्रतियोगिता

एनएनआई

**आगरा।** दशहरा महोत्सव के तहत किदवई पार्क स्थित होटल श्याम में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दशहरा मेला स्वागत समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद अर्चना लवानिया, तरुणा अग्रवाल और सीमा यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समिति अध्यक्ष राजीव कांत लवानिया ने बताया कि प्रति योगिता में कुल 130 बालिकाओं और महिलाओं ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में धरती पर रंगों से राम दरबार, दीपोत्सव और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक बिखेरी गई। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में हाथों पर राधा-कृष्ण की झांकी, देवी-देवताओं के स्वरूप और पारंपरिक डिजाइन उकेरे गए, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

प्रतियोगिता का परिणाम 30 सितंबर को घोषित किया जाएगा। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित किए गए। निर्णायक मंडल में अनीता जैन और आशी अग्रवाल रहीं।

इस अवसर पर मुकुल कुलश्रेष्ठ, विजय जैन, अखिल अग्रवाल, दिनेश वर्मा, जसवंत सिंह, पंडित मुकेश शर्मा, आशीष लवानिया आदि उपस्थित रहे।



# प्रकाश नगर में बनेगा 1200 मीटर लंबा फ्लाईओवर

एनएनआई

**आगरा।** यमुनापार की जनता को अंडरपास से गुजरने की समस्या से निजात मिलेगी। बरसात में जलभराव होने के कारण यहां रास्ता बाधित होता है। प्रकाश नगर क्षेत्र में 1200 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनेगा। इसके लिए अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया है। यमुनापार के प्रकाश नगर की जनता लम्बे समय से फ्लाईओवर की मांग कर रही थी। बरसात के दिनों में बड़ी मुश्किल खड़ी हो जाती है। जलभराव के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और लंबी दूरी तय करनी होती थी। समस्या को देखते हुए विधायक डा. धर्मपाल सिंह के द्वारा 1200 मीटर लंबा फ्लाई ओवर स्वीकृत कराया है। इसका निरीक्षण करने विभिन्न विभागों की टीम मौके पर पहुंची और अंडरग्राउंड डाली केबिल को व्यवस्थित तरीके से हटाकर निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया पर चर्चा की।



# माते! सुनु सिय बिनय हमारी, करहु कृपा दीन दुःख निवारी

- बाबा श्रीमनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में हुआ वनवास और केवट प्रसंग का मंचन

एनएनआई



**आगरा।** गढ़ी ईश्वरा शमसाबाद रोड पर बाबा श्रीमनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में रविवार का मंचन भाव-विभोर कर देने वाला रहा। लीला का आरंभ कोप भवन प्रसंग से हुआ। जहां माता कैकयी ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगकर श्रीराम को वनवास और भरत को राज्य देने का निवेदन किया। इस प्रसंग ने दर्शकों के हृदय में गहरी करुणा और भक्ति का संचार किया। राजमहल से निकलते समय श्रीराम, लक्ष्मण और सीता जी के करुण दृश्यों ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। नगरवासियों द्वारा श्रीराम को रोकने के प्रयत्न और माताओं की वेदनापूर्ण विदाई ने वातावरण को करुणा और प्रेम से भर दिया। राम नाम की ध्वनि से सम्पूर्ण परिसर गूंज उठा। जब प्रभु श्रीराम गंगा तट पर पहुंचे और गंगा पार करने की इच्छा प्रकट की, तब निषादराज केवट का भावपूर्ण संवाद मंचित किया गया।

इस अवसर पर महंत योगेश पुरी ने कहाकि वनवास और केवट प्रसंग हमें यह सिखाते हैं कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, मर्यादा, धर्म और भक्ति का मार्ग ही सच्चा पथ है। केवट का उदाहरण हमें बताता है कि सच्चा प्रेम और श्रद्धा ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल साधन है। हरिहर पुरी ने कहाकि रामलीला के ये प्रसंग हर मनुष्य को आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करते हैं। रामलीला के मंचन से समाज को मर्यादा और सत्य का पालन करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान महेन्द्र गुप्ता, छुट्टन चौहान, तूफान सिंह, रिषी परिहार, प्रेमवीर पचैरी ने लोगों का स्वागत किया।

# सर्वोच्च सम्मान : मुरारी प्रसाद अग्रवाल को दिया अग्रसेन नोबल सम्मान

- श्री अग्रवाल सेवा संगठन, दयालबाग ने किया अग्रवाल समाज के मेधावी बच्चो का सम्मान

एनएनआई



**आगरा।** श्री अग्रवाल सेवा संगठन की ओर से अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन दयालबाग स्थित हरिओम सेवा सदन में किया गया। शुभारम्भ उ. प्र. लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, पूर्व विधायक महेश गोयल और मुख्य संरक्षक सुरेश चन्द गर्ग ने दीप प्रवज्जलित कर किया। अध्यक्ष कुलवंत मित्तल व महामंत्री राजीव खेमका ने बताया कि संगठन का इस वर्ष का सबसे बड़ा सम्मान महाराजा अग्रसेन नोबल सम्मान मुरारी प्रसाद अग्रवाल को दिया गया। मंच से अग्रवाल समाज के मेधावी 18 राजकुमार, 18 राजकुमारियों, फेंसी ड्रेस व नृत्य प्रतियोगिता में आये अव्वल बच्चो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन सुरेश चंद्र अग्रवाल बाड़ी वाले व रानी माधवी मिथिलेश गोयल के स्वरूप ने महाराजा व अग्रसेन के पथ पर चलने को प्रेरित किया। सांस्कृतिक समारोह में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। सभी अतिथियों का स्वागत राहुल गोयल ने किया। निर्णायक डॉ. अमिता अग्रवाल व प्रो मृदला सिंघल रही।

संचालन दीक्षा अग्रवाल व गरिमा गर्ग ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हिमांशु अग्रवाल, जयेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, डॉ. अंकुर अग्रवाल, जितेंद्र जैन, विनोद गर्ग, अर्चना अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, बबिता मित्तल, संगीता गर्ग, प्रिया अग्रवाल, डॉ. निधि बंसल, दिशा गोयल आदि मौजूद रहे।

# पल्लीवाल जैन महासभा ने लगाया रक्तदान शिविर

एनएनआई



**आगरा।** अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभाद्वारा पल्लीवाल मेला क्षमावाणी,वृद्धजन सम्मान, त्यागी वृत्ती सम्मान, प्रतिभा प्रोत्साहन व रक्तदान शिविर का आयोजन महाराजा अग्रसेन सेवा भवन, लोहा मंडी पर आयोजित किया जिसमें भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। शाखा के महामंत्री प्रमेन्द्र जैन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम परिवार जैन समाज द्वारा आयोजित किया जाता है। विमलेश जैन, उषा जैन द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण विधि विधान व मंत्र उच्चरण के साथ किया गया। उसके बाद बालक बालिकाओं के तीन वर्गों में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शतरंज, मेहंदी प्रतियोगिता, ड्राइंग पेंटिंग, आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जगदीश चंद्र जैन, कमला नगर रक्तदान शिविर का उद्घाटन संतोष कुमार, जितेंद्र जैन परिवार, श्रीजी के चित्र का अनावरण अशोक कुमार, अजय जैन व दीप प्रज्वलन विशंभर नाथ ग्रुप परिवार, मंगलाचरण अरुण जैन शास्त्री द्वारा किया गया। उसके उपरांत बाहर से आए हुए अतिथियों का सम्मान किया गया। त्यागी वृत्ती सम्मान सोमा जैन, रेखा जैन, वृद्धजन सम्मान माया जैन, राहुल जैन पश्चिम पुरी, प्रतिभा प्रोत्साहन प्रथम विशाल जैन दीपक जैन, प्रतिभा प्रोत्साहन द्वितीय जगदीश चंद्र, सतीश चंद्र जैन, भव्य आरती 108 दीपों की प्रमोद जैन, विजय जैन, संस्कृत उद्घाटन शांति स्वरूप, अनमोल जैन, खेलकूद पुरस्कार वितरण हरिश्चंद्र, राकेश कुमार, सांस्कृतिक पुरस्कार वितरण गिरीश जैन महेश जैन द्वारा किया गया। राज्यसभा सांसद नवीन जैन, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विधायक विजय शिवहरे, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पूनिया, व एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रशांत गुप्ता का सम्मान किया गया। रक्तदान शिविर में लगभग 90 लोगों ने रक्तदान किया।

# वृद्धजनों के साथ आश्रम में बांटी खुशियां

## सेवा पखवाडा के तहत विश्व विद्यालय ने भेंट की रामलाल आश्रम को सामग्री

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने सेवा पखवाड़ा तहत रामलाल वृद्ध आश्रम सेक्टर-10 आवास विकास कॉलोनी में निवासरत बुजुर्गों के साथ मुस्कान बांटी। कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की ओर से आश्रम को दो स्टील की अलमारियां भेंट की गईं। इसके अलावा शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने 60 किलो चावल, 100 किलो आटा, 35 किलो दाल, 30 किलो मसाले, सरसों का तेल, साबुन, मंजन, सर्फ, बिस्कुट, रसक, शॉल और अन्य आवश्यक वस्तओं का वितरण किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री अरविंद गुप्ता, सुरेन्द्र सरीन की ओर से स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई। इस दौरान आश्रम में रह रहे एक बुजुर्ग का जन्मदिन माला-पटका पहनाकर और केक काट कर मनाया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा ने कहाकि आज समाज में बहुत बिखराव है। जिन माता-पिता ने अपने बच्चों को पाल-पोसकर योग्य बनाया। वही माता-पिता सम्मान और स्थान से वंचित होकर वृद्धाश्रम में रहने को विवश हैं। प्रो. एसके जैन ने आश्रम संचालक नन्द किशोर और शिव प्रसाद का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहाकि उनकी सेवा-भावना और उदार सोच समाज के लिए प्रेरणा है। डॉ. स्वाति माथुर ने कहाकि हम सब लोग समाज से बहुत कुछ प्राप्त करते हैं, अब जब अवसर मिला है तो हमें समाज के उन वर्गों के प्रति अपना कर्ज उतारना चाहिए जिन्हें वास्तव में हमारी आवश्यकता है। इस मौके पर डॉ. योगेंद्र शर्मा, रुचिरा प्रसाद, श्वेता चैधरी, श्वेता गुप्ता, डॉ. नीलू, अर्पिता दुबे, अरविंद गुप्ता, एसपी सरीन, दीपक कुलश्रेष्ठ, आर्यन, खुशबू, लताशा, लक्षिता, आशीष, शिवानी, यश, दीक्षा आदि शामिल रहीं। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीलू सिन्हा ने किया।

# कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने व्यापारियों से किया संपर्क

## स्वदेशी के प्रति किया जागरूक

**आगरा (एनएनआई)।** जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोहामंडी बाजार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने व्यापारियों के साथ संपर्क कर उन्हें भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी की उपयोगिता समझाई।



उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि सरकार की ओर से जो भी लाभ उपभोक्ताओं के लिए दिया गया है वह लाभ उन्हें मिलना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राजा मंडी फाटक पर किया गया। इस मौके पर दिलीप वर्मा, डॉ. भगवान दास दक्ष, मण्डल अध्यक्ष धीरज कोहली, शिवकुमार शर्मा , पार्षद हेमन्त प्रजापति, निर्मला दीक्षित, संतोष अग्रवाल, रविन्द्र दक्ष, दीप विनायक पटेल, मनोज जोशी, सुधीर टण्डन, हरिओम शर्मा, अशोक शर्मा, क्षमा जैन सक्सेना, विकास साहू, हृदय कांत सारस्वत आदि मौजूद रहे।

# अमर शहीद भगत सिंह को जन्मोत्सव पर किया नमन



एनएनआई

**आगरा।** महान क्रांतिकारी अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर भव्य भगवा आयोजन आवास विकास हलवाई की बगीची स्थित मंदिर में किया गया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयघोष युवाओं का उत्साह वर्धन करते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम भदौरिया, कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील चौहान, उर्मिला देवी, पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी, यशवर्धन, कार्यक्रम सहसंयोजक धर्मेंद्र सिंह राजावत, कार्यक्रम संरक्षक कारण गर्ग, थारू चौहान द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्तिक मुद्गल, रोहित यादव, राघव प्रधान, अखंड प्रताप सिंह, विनोद गगार्चार्य, आशीष पाराशर, अनिल परमार, अनुज पाठक, वीरू सिंह बघेल, जतिन बजरंगी आदि मौजूद रहे।

## भगत सिंह की जयंती पर हुई गोष्ठी



**आगरा (एनएनआई)।** आवास विकास में युवाओं द्वारा आयोजित शहीद भगत सिंह जी की जयंती पर आवास विकास में विशाल गोष्ठी सभा हुई। जिसमे महानगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, श्याम भदौरिया का युवाओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। युवाओं ने देशभक्ति नारों और भगत सिंह जी की प्रेरणा से यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सुशील चौहान, यशवर्धन सिंह राजावत, कार्यक्रम संरक्षक करन गर्ग, पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी, पार्षद गोगा मौर्या, कार्तिक मुद्गल, धर्मेंद्र सिंह राजावत, रोहित यादव, राघव प्रधान, अखंड प्रताप सिंह, विनोद, अनुज पाठक, वीरू सिंह बघेल, जतिन बजरंगी आदि स्थापित रहे।

# आर्य समाज मंदिर में सप्तमी पर हुआ वैदिक यज्ञ



एनएनआई

**आगरा।** शारदीय नवरात्र के सप्तम दिवस के अवसर पर आर्य समाज राजा की मंडी, आगरा में वहु कुण्डीय वैदिक यज्ञ का आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। निरंतर चल रहे इस यज्ञ में श्रद्धालुओं और यजमानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। व्यस्त जीवन से समय निकालकर आहुति में सहभागिता करना सनातन धर्म की निष्ठा और वेदों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।

इस पावन यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सोमदेव शास्त्री जी ने साम वेद के पवित्र मंत्रों के उच्चारण के साथ श्रद्धालुओं से आहुति दिलवाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित यजमानगण रहे देव प्रकाश शर्मा, मंजू शर्मा, राजकुमार आहूजा, तारा रानी आहूजा, वीरेंद्र आर्य, अनुराधा आर्या , संजय कमठानिया, निधि कमठानिया शिवांगी दीक्षित,अशोक कुमार कुलश्रेष्ठ, विनीता कुलश्रेष्ठ, नीलम दीक्षित, वंदना मिश्रा, बबली बंसल, आनंद शर्मा, अमिता शर्मा, जीतेन्द्र शास्त्री, पिंकी, रेनू, राहुल, श्रद्धा दीक्षित सुधाकर गुप्ता, विजय अग्रवाल, राम प्रकाश गुप्ता, गोपाल प्रसाद अग्रवाल, जयपाल सिंह चौहान, आशा चौहान, सुधीर शर्मा, सीमा शर्मा, राजीव खुराना, रजनी खुराना, बनवारी लाल शर्मा, उषा शर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, शारदा सिंह, सुशील राघव, बबीता राघव, विकास तुली, अनुराधा तुली, राजेश पचौरी, उषा पचौरी, अरविंद अरोड़ा, मनीष अरोड़ा, हरिशंकर पांडे, गीता पांडे, मोहन कुमार चतुर्वेदी, राधा रानी चतुर्वेदी, शरद चौहान, वीना चौहान, ललित वर्मा, प्रेम वर्मा, दिवाकर गुप्ता, संजय कपूर, किरण कपूर, सत्येंद्र पाठक, नंदिनी पाठक,आदि।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

# डांडिया में झूमे मां के भक्त

एनएनआई

**आगरा।** जगमग रोशनी से सजे मां दुर्गा के पण्डाल में आज डांडिया की मस्ती छायी थी। हर तरफ माता रानी के भजनों पर डांडिया उत्सव की उमंग बिखरी थी। गाथों में डांडिया लिए और परम्परागत परिदान घाघरा चोली पहने श्रद्धालुओं ने देर रात तक डांडिया खेला।

सतरंगी पुष्पों व जगमग रोशनी से सजा मां दुर्गा के पण्डाल (तोता का ताल स्थित) में आज भक्ति भाव के साथ डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। हर रोज की तरह सुबह मंगला आरती के साथ पण्डाल में माता रानी के श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे। संध्या आरती के उपरान्त डांडिया उत्सव में सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरो वाली..., जगराता मैया के दरबारे... जैसे मां दुर्गा के गीतों पर



भक्तों ने खूब डांडिया खेला। वृंदावन से आए भूदेव कृष्ण शास्त्री व लखनऊ से आए आचार्य लघु मिश्रा द्वारा विधि विधान के साथ प्रतिजिन चार आरती सम्पन्न करायी जा रही हैं। 29 सितम्बर को महाआरती का आयोजन होगा। 30 सितम्बर को कन्या पूजन व एक अक्टूबर को पण्डाल में आकर्षक झांकियां सजायी जाएंगी। दो अक्टूबर को भण्डारा व 3 अक्टूबर को सुंदरकाण्ड पाठ के साथ 12 दिवसीय उत्सव का समापन होगा। 4 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश, आकाश, मनीष, दिनेश कुशवाह, विष्णु, पार्षद विक्रांत कुशवाह, पार्षद अमित पटेल, पिंकी, रिया, सुमन, रूबी आदि उपस्थित थीं।

# परिचय सम्मेलन में 150 जोड़ों ने कराया रजिस्ट्रेशन

एनएनआई

**आगरा।** श्री विद्यापति भवन धर्मशाला ट्रस्ट सोरों कटरा द्वारा रविवार को शमशाबाद मार्ग के श्यामो मोड़ स्थित केपी फार्म हाउस में मैथिली ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय भारत महासंघ अध्यक्ष संजय झा ने किया।

अध्यक्ष प्रेम बाबू शर्मा और महामंत्री राजकमल शर्मा ने बताया कि परिचय सम्मेलन में ग्वालियर, धौलपुर, भरतपुर, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, फरूखाबांद, मैनपुरी और आगरा के शमशाबाद, फतेहाबाद, क्षेत्र से आएं 150 जोड़ों




ने विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि इन सभी जोड़ों का सामूहिक विवाह आगामी 23 जनवरी को ट्रस्ट के द्वारा कराया जाएगा। जिसमें सभी जोड़ों को ट्रस्ट की ओर से कई उपहार भेंट स्वरूप दिए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक यशपाल झा, सोम प्रकाश शर्मा, नवल किशोर शर्मा, रामअवतार शर्मा, राजकुमार शर्मा, रविकांत शर्मा, दीनदयाल शर्मा, राकेश झा, एसके पंडित, कौशल किशोर शर्मा, सौरभ शर्मा, पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भरता बढ़ाएगा वोकल फॉर लोकल

एनएनआई

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126वें संस्करण का सामूहिक श्रवण शास्त्रीपुरम स्थित अमल गार्डन में बूथ संख्या 22 पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नवीन जैन व भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भाजपा दीनदयाल मंडल के कार्यकताओं संग उपस्थित रहे और कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना।

सांसद नवीन जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार सदैव प्रेरणादायी रहते हैं। आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन और राष्ट्र निर्माण पर उनका संदेश देशवासियों को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

मन की बात केवल संवाद नहीं, बल्कि यह कार्यक्रम देशवासियों की आकांक्षाओं, उपलब्धियों और जीवन के प्रेरक प्रसंगों को साझा करने का माध्यम है। प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर तक के सामान्य नागरिकों के अनुभवों को जिस सहज



और गहन रूप से प्रस्तुत किया जाता है, वह हर बार एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जिस तरह देश के कोने-कोने की सकारात्मक कहानियों को सामने लाते हैं, वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका मार्गदर्शन हमें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करता है। हर नागरिक यदि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को अपनाए तो आने वाले वर्षों में भारत वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में कार्यकताओं ने भी प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक प्रयोग करना केवल आर्थिक मजबूती का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। जब हर घर, हर बाजार और हर नागरिक वोकल फॉर लोकल का संकल्प अपनाएगा, तभी भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से अग्रसर होगा और विश्व में नई पहचान बनाएगा। पूर्व महानगर अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा, अनिल सारस्वत, मंडल अध्यक्ष राहुल जैन, पार्षद निरंजन केन, पार्षद गौरव शर्मा, पार्षद रवि करोतिया, मंडल उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, मंडल मंत्री प्रदीप कौशिक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यमुना को बचाने का किया आह्वान

एनएनआई

**आगरा।** विश्व नदियां दिवस पर आगरा में रिवर कनेक्ट कैंपेन के बैनर तले यमुना आरती स्थल पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकताओं ने शहरवासियों से आह्वान किया कि यमुना केवल जलधारा नहीं, बल्कि आगरा की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान है। ताजमहल सहित तमाम धरोहर स्मारकों के अस्तित्व के लिए यमुना का स्वच्छ और प्रवाहित बने रहना आवश्यक है।

रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक बृज खंडेलवाल ने कहा कि आज यमुना नदी प्रदूषण, अतिक्रमण और सूखे की कगार पर है। खुले नाले और औद्योगिक कचरे ने इसे सीवर नाले में बदल दिया है। गोकुल बैराज के नीचे जहरीली झाग और प्रदूषित परतें साफ दिखाई देती हैं। नदी किनारे कूड़े और मूर्तियों के विसर्जन ने स्थिति और बिगाड़ दी है।

पर्यावरणविद् डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य ने चेताया कि यमुना अब




जीवित नदी नहीं, बल्कि एक विशाल नाला बन चुकी है। इसकी बदबू और जहरीला पानी आगरा की पहचान को कलंकित कर रहा है।

चतुर्भुज तिवारी ने सवाल उठाया कि हिंदू संस्कृति और गौरव की दुहाई देने वाली सरकार यदि यमुना जैसी पवित्र नदी की उपेक्षा करे तो यह समझ से परे है।

धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण रखते हुए पंडित जुगल किशोर ने कहा कि यमुना श्रीकृष्ण-राधा की लीलाओं से जुड़ी पावन धारा है। संत कवियों ने इसे कालिंदी कहकर सराहा। मुगल शासकों ने भी यमुना के तटों पर अपने भव्य स्मारक बनाए। पर आज यही नदी सूखी और प्रदूषित होकर दुनिया के सामने उपेक्षा की कहानी कह रही है। रिवर कनेक्ट कैंपेन के सदस्यों ने वेदना प्रकट करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी कई बार यमुना में न्यूनतम जल प्रवाह बनाए रखने और प्रदूषण नियंत्रण के आदेश दे चुके हैं। लेकिन हालात जस के तस हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यमुना का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा, और इसके साथ ही ताजमहल तथा ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर भी असुरक्षित हो जाएगी।

# कैंजरा घाट पर बनेगा पक्का पुल

## दो राज्यों के बीच लाभान्वित होंगे 150 गांव, सेतु निगम ने सर्वे किया

एनएनआई

**बाह।** अच्छी खबर ये है कि मध्य प्रदेश के भिंड और मुरैना एवं आगरा के बाह की सीमा पर चंबल नदी के कैंजरा घाट पर पक्के पुल का निर्माण होगा। जिससे दोनों राज्यों के 150 से ज्यादा गांव लाभान्वित होंगे। रविवार को सेतु निगम ने पुल निर्माण के लिए सर्वे किया, मिट्टी का परीक्षण भी। बाह के कैंजरा घाट एवं मुरैना के उद्योतगढ़ के बीच चंबल नदी पर 150 गांवों के लोग अभी या तो मोटर बोट पर आश्रित रहते हैं, या फिर पांटून पुल के भरोसे नदी को पार करते हैं। बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने बताया कि 4 साल पहले पांटून पुल का निर्माण कराया था। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार के सुदृढ़ीकरण के लिए क्षेत्रीय जनता पक्के पुल की मांग कर रही थी। बटेश्वर में यमुना नदी एवं कैंजरा में चंबल नदी पर पक्के पुल की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की थी। जनहित में मुख्मंत्री ने पुल को मंजूरी दी थी।



सेतु निगम ने पुल निर्माण हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर सहायक अभियंता सुनील चौधरी ने अपनी टीम के साथ पुल निर्माण के लिए सर्वे किया, भौगोलिक स्थिति, मिट्टी की गुणवत्ता, तकनीकी आवश्यकता को लेकर खाका खींचा। तकनीकी रिपोर्ट के बाद पुल निर्माण की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। विधायक ने पुल की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उम्मीद जताई कि जल्द ही बटेश्वर में यमुना नदी पर पक्के पुल के लिए सर्वे आदि का काम शुरू होगा।

दो घाटों पर पुल बनवा रही मप्र सरकार- चंबल नदी के अटेर एवं उसैथ घाट पर पक्के पुल का निर्माण मध्य प्रदेश सरकार करा रही है। अटेर घाट पर पुल के निर्माण का काम पूरा हो गया है। पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जबकि उसैथ घाट पर उप्र के सिरे पर वन विभाग ने तय शर्त के मुताबिक राजस्व जमा न किए जाने की बजह से काम रोक दिया है। राजस्व जमा कराने के मद के चक्कर में काम रुका होने पर क्षेत्रीय विधायक पक्षालिका सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों को अवरोध दूर करने के निर्देश दिए हैं।



## श्रमदान से दिया स्वच्छता का संदेश

**आगरा एनएनआई।** मिशन शक्ति व स्वच्छ भारत अभियान के तहत पुलिस कमिश्नरेट आगरा में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में थाना ट्रांसयमुना के पुलिस कर्मचारियों ने कार्यालयों से लेकर थाना परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान थाना परिसरों, कार्यालयों, अभिलेखों और शस्त्रों की साफ-सफाई की गई। पुलिस कर्मियों ने मिलकर परिसर की धूल-मिट्टी हटाई और कचरा निस्तारण का कार्य किया। इससे थानों और कार्यालयों में साफ-सुथरा माहौल नजर आया। अभियान में ट्रांस यमुना प्रभारी रोहित कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि सेवा भी है। स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देने के लिए हर नागरिक को आगे आना चाहिए। पुलिस कमिश्नरेट की इस पहल से न केवल स्वच्छता का संदेश गया, बल्कि मिशन शक्ति का जज्बा भी साफ दिखाई दिया। श्रमदान से पुलिस कर्मियों ने यह साबित किया कि साफ-सफाई से ही स्वस्थ और बेहतर समाज का निर्माण संभव है।

## जारा नगरु निमिष एक माही, एक बिभीषण कर गृह नाही

एनएनआई

**पिनाहट।** जब हनुमान जी लंका में जानकी जी की खोज करते हुए पहुंचे तो उन्होंने विभीषण के घर को छोड़कर सारी लंका को जला दिया । पूरी सोने की लंका जल गई



कस्बा में चल रही रामलीला मंचन के दौरान रविवार को हनुमान जी ने लंकादहन की लीला का आयोजन किया गया। हनुमान जी जामवंत के द्वारा याद दिलाने पर अपने बल को याद करते हैं और सौ योजन समुद्र को पार कर लंका में पहुंचते हैं। जानकी जी की स्थिति को देखकर अत्यंत दुखी होते हैं और रावण के द्वारा उनकी पूछ में आग लगा दी जाती है इसके बाद हनुमान जी पूरी लंका का दहन कर देते हैं। आयोजित लीला को देखने के लिए कस्बा के आस-पास के गांव के अलावा मध्यप्रदेश और राजस्थान के गांवों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हजारों की संख्या में आ रही भीड़ की व्यवस्था के लिए पुलिस को अन्य थानों से अतिरिक्त फोर्स भी बुलाना पड रहा है। प्रभारी निरीक्षक पिनाहट मनोज कुमार मंचन के दौरान हर दिन मौजूद रहकर व्यवस्था को देख रहे है। आयोजन समिति मे कमेटी अध्यक्ष नवीन पाराशर, विकास ब्रह्मानंद पाठक, रामनिवास शर्मा, मनोज तिवारी, श्याम सुंदर महेरे, सुरेंद्र पांडे, महावीर ओझा, हर्ष कुमार कटारे, चंद्र मोहन तिवारी, विनोद अरेला, अमन पाराशर, अतुल शर्मा, ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

## पेयजल संकट झेल रहे गांव वालों ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

एनएनआई

**बाह।** विकास खंड बाह के सन्नपुरा गांव की टीटीएसपी टंकी कई महीने से खराब पड़ी है। पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों ने टंकी को दुरुस्त कराने के नाम पर 88 हजार रुपये हड़पे जाने की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। जिसमें गवन की जांच के साथ ही टंकी को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। सन्नपुरा के पूर्व प्रधान रामवरन कुशवाह, चरन सिंह, रानू, बीरवल, संतोष, अमर सिंह, महेश, बालकराम, सचिन, रामरूप, रनवीर, संदीप, सीमा, अंजना आदि ने शिकायती पत्र में कहा है कि पिछले माह टंकी को सही कराने के नाम पर 3 तिथियों में 88 हजार रुपये निकाल लिए हैं, लेकिन टंकी को ठीक नहीं कराया गया है। टंकी को ठीक कराने के नाम पर किए गए गवन की जांच एवं पेयजल समस्या के समाधान की मांग की गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर बाह के बीडीओ नीरज तिवारी ने बताया कि प्रकरण की जांच कराएंगे। दोषियों पर कार्यवाही होगी।



## नवरात्र में बांटा भंडारे का प्रसाद

एनएनआई

**आगरा।** गोस्वामी समाज सेवा समिति आगरा उत्तर प्रदेश द्वारा नवरात्रों के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया एवं आयकर आयुक्त आशुतोष पांडे जी माता रानी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जुलित कर भंडारे का उद्घाटन किया गया। संस्थापक बंगाली बाबू, अध्यक्ष आनंद गोस्वामी, सरंक्षक सुभाष गोस्वामी,उपाध्यक्ष भरत गोस्वामी, महामंत्री राजकुमार गोस्वामी, मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र गोस्वामी, सदस्य राजेश गोस्वामी,सदस्य संजीव गोस्वामी, सदस्य रमेश गोस्वामी, महेंद्र गोस्वामी प्रमोद गोस्वामी, अंकित गोस्वामी,एवं समस्त गोस्वामी समाज बन्धु उपस्थित रहे।

## अरे, लैलै लांगुरिया..गोद में लैलै लांगुरिया, मेरी लचकी...

एनएनआई

**एत्मादपुर।** शारदीय नवरात्रों में नगर के बरहन तिराहा पर मां अंबे कमेटी के विशाल भंडारे में लोक गायक कलाकार यू-ट्यूबर मनीषा त्यागी ने अरे, लैलै लांगुरिया, गोद में लैलै लांगुरिया, मेरी लचकी जाए कमरिया, गोद में लैलै लांगुरिया को माइक थामकर सुनाया तो सड़क पर श्रोता श्रद्धालु झूमते हुए नाचने लगे। मनीषा त्यागी के लांगुरिया का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोला। कार्यक्रम के दौरान एत्मादपुर-बरहन रोड पर यातायात अव्यवस्थित हो गया। भंडारे में धूम मचाने के बाद उन्होंने ग्राम अहारन में बीती रात आयोजित देवी जागरण में भजन और गीत सुनाकर देवी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



नगर में मां अंबे कमेटी के वार्षिक भंडारे का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक डा. धर्मपाल सिंह ने सर्व प्रथम कन्याओं को भोजन कराकर किया। इस मौके पर आयोजक कमेटी के अध्यक्ष अचल कुमार जैन के नेतृत्व में प्रमोद कुमार, देवेंद्र यादव, कन्हैया लाल, गौरव बघेल, विष्णु बघेल, देश दीपक आदि ने व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम में माता ने भोग प्रसादी पाने को सुबह से शाम तक भीड़ उमड़ती रही।

## संपादकीय

# दिलचस्प होंगे राज्यसभा चुनाव

राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो गई है इसमें चार सीटें जम्मू कश्मीर की हैं, जो करीब चार साल से खाली हैं और एक सीट पंजाब की है, जो कुछ समय पहले खाली हुई है। इस सीट पर उपचुनाव होने वाला है। चुनाव आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक 24 अक्टूबर को इन पांचों सीटों पर वोटिंग होगी। अगर पांच से ज्यादा नामांकन नहीं होते हैं तो नाम वापसी के आखिरी दिन पांचों सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा हो जाएगी। कई कारणों से इन पांचों सीटों का चुनाव दिलचस्प होगा। पंजाब में कौन आम आदमी पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा तो जम्मू कश्मीर में नेशनल कान्फ्रेंस क्या अकेले तीन सीट लेगी या कांग्रेस को एक सीट मिलेगी यह देखना होगा और दूसरे, भाजपा के प्रति निष्ठा दिखा रहे गुलाम नबी आजाद का क्या होगा, यह भी देखने वाली बात होगी। उम्र और दूसरे कारणों से गुलाम नबी आजाद भाजपा के समीकरण में फिट नहीं बैठते हैं। यह भी देखना होगा कि क्या सत्तारूढ़ गठबंधन चारों सीटों जीतने की कोशिश करेगा। चुनाव की घोषणा के बाद उम्मीदवारों को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन तीन सीटों पर चुनाव लड़ता है तो कौन कौन उम्मीदवार होंगे और अगर गठबंधन किसी तिकड़म से चौथी सीट जीतने का दांव चलता है तो उम्मीदवार कौन होगा, यह बड़ा सवाल है। ऐसे ही भाजपा किसके ऊपर दांव लगाएगी और गुलाम नबी आजाद का क्या होगा, यह भी सवाल है। पंजाब की एक सीट पर अरविंद केजरीवाल किसको उम्मीदवार बनाएंगे यह देखना भी दिलचस्प होगा। ध्यान रहे पंजाब की सीट संजीव अरोड़ा के विधायक और मंत्री बन जाने की वजह से खाली हुई है। जब राज्यसभा सांसद को विधायक का चुनाव लड़ाया गया तभी से यह चर्चा थी कि खाली हुई सीट पर अरविंद केजरीवाल खुद राज्यसभा जाएंगे। लेकिन उन्होंने इससे इनकार किया है। हालांकि राजनीति में कुछ भी अंतिम नहीं होता है। उनके अलावा मनीष सिसोदिया के नाम की भी चर्चा है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान किसी स्थानीय नेता को राज्यसभा भेजना चाहते हैं क्योंकि डेढ़ साल में विधानसभा होने वाले हैं। वे किसी कारोबारी को भी टिकट देने के पक्ष में नहीं हैं।

उधर जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की ओर से पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के चुनाव लड़ने की संभावना है। वे नंबर एक उम्मीदवार हो सकते हैं। उनके अलावा सज्जाद किचलू दावेदार बताए जा रहे हैं। ये दोनों अलग अलग अधिसूचना से एक एक सीट के चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं। असली घमासान उन दो सीटों पर होगा, जिनका चुनाव एक साथ होगा। इसमें एक उम्मीदवार सत्तारूढ़ गठबंधन का होगा। कांग्रेस एक सीट की मांग कर रही है।एक सीट पर भाजपा का उम्मीदवार भी होगा। चौथी सीट पर भी उम्मीदवार देकर सत्तारूढ़ गठबंधन चुनाव उलझाने की कोशिश कर सकता है। गौरतलब है कि गुलाम नबी आजाद के साथ चार लोग रिटायर हुए थे और उसके बाद से जम्मू कश्मीर में राज्यसभा का चुनाव नहीं हुआ है। आजाद के अलावा फैयाज अहमद मीर, नजीर अहमद लावी और शमशेर सिंह मिन्हास के रिटायर होने से ये सीटें खाली हुई थीं। मिन्हास और मीर 10 फरवरी 2021 को रिटायर हुए थे, जबकि आजाद और लावी 15 फरवरी को रिटायर हुए। चुनाव आयोग ने जो अधिसूचना जारी की है उसके मुताबिक 10 फरवरी 2021 को खाली हुई दोनों सीटों पर अलग अलग चुनाव होंगे। जाहिर है एक एक सीट का अलग चुनाव होगा तो सत्तारूढ़ दल यानी नेशनल कॉन्फ्रेंस के खाते में दोनों सीटें जाएंगी। क्योंकि एक सीट जीतने के लिए साधारण बहुमत की जरुरत है। ध्यान रहे इस समय 90 सदस्यों की विधानसभा में 88 विधायक हैं क्योंकि बडगाम और नगरोटा सीट खाली है। सो, एक सीट जीतने के लिए 45 वोट की जरुरत है, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस की उमर अब्दुल्ला सरकार के पास 53 विधायक हैं। उमर की पार्टी के अपने 41 विधायक हैं। उनको कांग्रेस के छह, सीपीएम के एक और पांच निर्दलीय विधायकों का समर्थन है।दूसरी ओर भाजपा के 28 विधायक हैं। पीडीपी के तीन, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के एक, आम आदमी पार्टी के एक और दो निर्दलीय विधायक किसी के साथ नहीं हैं। बहरहाल, चुनाव आयोग की अधिसूचना के मुताबिक 15 फरवरी 2021 को खाली हुई दो सीटों पर एक साथ चुनाव होंगे। इनके लिए एक अधिसूचना जारी हुई है। इसका मतलब है कि इन दो में से एक सीट जीतने के लिए 29 वोट की जरुरत होगी। इस लिहाज से नेशनल कॉन्फ्रेंस को एक सीट आसानी से मिल जाएगी लेकिन दूसरी सीट के लिए उसके पास चार वोट कम हो जाएंगे। दूसरी ओर भाजपा के 28 विधायक हैं और उसे एक सीट जीतने के लिए कम से कम एक अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। अगर इन दो सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने दूसरा उम्मीदवार नहीं दिया तो भाजपा का उम्मीदवार निर्विरोध जीतेगा अन्यथा चुनाव की नौबत आएगी। पहली सीट जीतने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के पास 24 वोट बचेंगे। अगर पीडीपी के तीन, आम आदमी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस एक एक व दो निर्दलीय विधायकों में पांच का समर्थन मिले तो सत्तारूढ़ गठबंधन चौथी सीट भी जीत सकता है। लेकिन क्या भाजपा ऐसा होने देगी? सामान्य स्थितियों में तो ऐसा होना संभव नहीं है। लेकिन अगर पीडीपी को सीट देकर नेशनल कॉन्फ्रेंस व कांग्रेस खेल करना चाहें तो अलग बात है।




# मुनि सुदर्शनः जीवन गाथा

## जय मुनि जी द्वारा रचित एक आध्यात्मिक महाग्रन्थ की सिनेमाई प्रस्तुति

**फीचर फिल्म समीक्षा**
**द्वारा विवेक कुमार जैन**

जैन संतों के जीवन पर बनी फिल्मों की श्रेणी में मुनि सुदर्शनः जीवन गाथा एक ऐतिहासिक और भावनात्मक मील का पत्थर है। दो भागों में विभाजित यह फिल्म न केवल एक श्वेतांबर स्थानकवासी जैन मुनि की जीवनी है, बल्कि आत्मा की यात्रा, त्याग की तपिश और संयम की शीतलता का सिनेमाई साक्षात्कार है।

### भाग प्रथमः द राइज आफ सुदर्शन चक्र

यह भाग मुनि सुदर्शन जी के सांसारिक जीवन से आध्यात्मिक पथ की ओर अग्रसर होने की कथा है। मोह-माया की जटिलताओं से निकलकर आत्मज्ञान की ओर बढ़ते उनके कदम दर्शकों को भीतर तक झकझोरते हैं। दीक्षा का क्षण, जैसे आत्मा ने देह से संवाद किया हो — दृश्य नहीं, अनुभव बन जाता है।

### भाग द्वितीयः द लैजेंड आफ सुदर्शन चक्र

यह भाग उस जैन मुनि की गाथा है जिसने समाज को उपदेशों की अमृतवर्षा दी। तप, त्याग और तटस्थता के माध्यम से उन्होंने जो जीवन जिया, वह केवल अनुकरणीय नहीं, बल्कि प्रेरणास्रोत है। मुनि सुदर्शन जी के शिष्य बहुश्रुत जय मुनि जी द्वारा रचित ह्रसूर्योदय से सूर्यास्त तकह्र पुस्तक के आधार पर यह भाग एक जीवंत ग्रंथ की तरह सामने आता है।

**सकारात्मक पक्ष**

**प्रामाणिकता की पराकाष्ठाः** मुनि सुदर्शन जी के जीवन के प्रत्येक चरण को जिस बारीकी और श्रद्धा से चित्रित किया गया है, वह दर्शकों को भावविभोर कर देता है। यह फिल्म नहीं, एक साधना है।

* अभिनय की आत्माः विवेक आनंद मिश्रा ने मुनि सुदर्शन के शांत, गंभीर और तेजस्वी व्यक्तित्व को जिस सूक्ष्मता से निभाया है, वह अभिनय नहीं, आत्म-अनुभव प्रतीत होता है। उनके भाव, मौन और दृष्टि — सब कुछ संवाद बन जाते हैं इससे पूर्व दिगंबर जैन संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जीवन पर बनी पहली जैन बायोपिक फिल्म अंतरयात्री महापुरुषह्न में मुनि विद्यासागर जी महाराज के चरित्र को निभा चुके है । जब अभिनय साधना बन जाए, तो वह केवल दृश्य नहीं रचता — वह आत्मा को छूता है।विवेक आनंद मिश्रा ने मुनि सुदर्शन और आचार्य विद्यासागर जी महाराज जैसे तेजस्वी जैन संतों के चरित्रों को जिस श्रद्धा, गंभीरता और आत्मीयता से जीवंत किया है, वह अभिनय की सीमाओं से परे है। उनके भाव, मौन और दृष्टि — सब कुछ संवाद बन जाते हैं, और दर्शक केवल देखता नहीं, भीतर तक अनुभव करता है। उन्होंने अभिनय से पहले चरित्र का अध्ययन नहीं, चरित्र का आत्मसात किया। जैन दर्शन, संयम और तप की भावना उनके हाव-भाव में झलकती है, और उनके अभिनय में वह शांति और तेजस्विता स्पष्ट दिखाई देती है जो इन दोनों संतों की पहचान रही है।

**आध्यात्मिक संदेशः** यह फिल्म केवल दृश्य नहीं दिखाती, दिशा देती है। अहिंसा, अपरिग्रह और आत्मसंयम के सिद्धांतों को आधुनिक जीवन की आपाधापी में पुनः स्थापित करती है।

**सीमाएंः**

**गति की गंभीरताः** दो भागों में विस्तृत यह फिल्म कुछ दर्शकों को धीमी लग सकती है। परंतु यह धीमापन उस गहराई का प्रतीक है, जो आत्मा की यात्रा में स्वाभाविक है।अगर गानों को थोड़ा छोटा रखा जाता तो फिल्म और गति पकड़ सकती थी ।

**व्यावसायिकता से परेः** यह फिल्म




जनसाधारण की चकाचौंध से दूर है। यह उन हृदयों के लिए है जो मौन में संवाद ढूंढते हैं, और संयम में सौंदर्य इसमें व्यवसायिक द्रष्टिकोण का अभाव है ।

**निष्कर्षः**

मुनि सुदर्शनः जीवन गाथा एक फिल्म नहीं, एक दर्शन है। यह उन दर्शकों के लिए है जो जीवन को केवल जीना नहीं, समझना चाहते हैं। यह बायोपिक नहीं, एक भाव-ग्रंथ है — जो आत्मा को छूता है, विचारों को झकझोरता है, और अंततः एक प्रश्न छोड़ जाता हैः क्या हम भी अपने भीतर के सुदर्शन को जागृत कर सकते हैं ?

**निर्देशक के संबंध में :**

निर्देशक अनिल कुलचानियाः समर्पण और साधना से रची एक आध्यात्मिक सिनेमाई यात्रा

जैन मुनि सुदर्शन जी महाराज के जीवन पर बनी फिल्म मुनि सुदर्शनः जीवन गाथा के पीछे जिस संवेदनशील और समर्पित दृष्टि ने इसे आकार दिया है, वह है अनुभवी निर्देशक अनिल कुलचानिया की। यह फिल्म उनके लिए केवल एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुष्ठान रही — जिसमें उन्होंने शोध, श्रद्धा और साधना के साथ मुनि सुदर्शन जी के जीवन की प्रामाणिकता को पर्दे पर जीवंत किया।

अनिल कुलचानिया का निर्देशन केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों से उपजा हुआ भाव है। उन्होंने इस फिल्म को रचते समय न केवल ऐतिहासिक तथ्यों का गहन अध्ययन किया, बल्कि जैन संतों, विद्वानों और शिष्यों से मार्गदर्शन लेकर हर दृश्य को तप और त्याग की सुगंध से भर दिया।

इससे पूर्व वे दिगंबर संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज की जीवन यात्रा पर आधारित हिंदी बायोपिक अंतरयात्री महापुरुष (द वॉकिंग गॉड) का निर्माण कर चुके हैं — जो जैन धर्म पर बनी पहली ऐसी फिल्म है, जिसे पूर्णतः जैन मुनियों और विद्वानों के दिशानिदेशों के अनुरूप निर्मित किया गया। इस फिल्म में आचार्य श्री के बाल्यकाल से लेकर उनके आचार्य पद तक की यात्रा को अत्यंत श्रद्धा और सूक्ष्मता से चित्रित किया गया है।

अनिल जी की विशेषता यह है कि वे कैमरे को केवल दृश्य दिखाने का माध्यम नहीं मानते — वह उनके लिए एक साधना का पात्र है, जिसके माध्यम से वे दर्शकों को आत्मा की यात्रा पर ले जाते हैं। उनके निर्देशन में दृश्य नहीं बोलते, वे मौन में संवाद करते हैं।



# अक्टूबर में बड़ा धमाका करेंगे अजय देवगन

अजय देवगन की इस साल तीन फिल्में रिलीज हुई हैं। उनकी पहली फिल्म 'आजाद' फ्लॉप रही, जबकि 'रेड 2' सिर्फ पाँच दिनों में हिट हो गई। 'सन ऑफ सरदार 2' से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह फिल्म भी फ्लॉप रही। अब अजय देवगन अपनी बाकी फिल्मों पर काम पूरा कर रहे हैं। एक फिल्म की रिलीज डेट अगले साल ईद के लिए तय हो गई है। हालाँकि, रणबीर और यश से भिड़ंत से पहले, अजय देवगन ने एक जबरदस्त वापसी की तैयारी कर ली है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अक्टूबर में उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। तो वह क्या करेंगे? अजय देवगन की धमाकेदार वापसी का इंतजार है।

उनकी 'धमाल' की अगली किस्त अगले साल रिलीज होगी। उससे पहले एक बड़ी हिट हासिल करना बेहद जरूरी है। नवंबर में उनकी एक फिल्म रिलीज होने वाली है, और उन्होंने इसके लिए पहले से ही काफी तैयारी कर ली है। उनकी अगली फिल्म के बारे में एक बड़ा अपडेट आया है। अक्टूबर में अजय देवगन क्या करेंगे? अजय देवगन की कई फिल्मों का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। इनमें से एक रोमांटिक कॉमेडी 'दे दे प्यार दे 2' है। इसका पहला भाग 2019 में रिलीज हुआ था और इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इस बीच, नई रिपोर्ट्स बताती हैं कि अजय देवगन दूसरे भाग का टीजर रिलीज करने वाले हैं। 'दे दे प्यार दे 2' का टीजर 2 अक्टूबर को रिलीज करने की योजना है। हालाँकि यह तारीख ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन निर्माता इस पर विचार कर रहे हैं। निर्माता फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह भी कहा जा रहा है कि टीजर फिल्म के विषय का संकेत देगा और किरदारों के बारे में जानकारी देगा। दरअसल, रकुल प्रीत सिंह एक बार फिर फिल्म में नजर आएंगी, जो अजय देवगन की कहानी को एक नया मोड़ देगी। हालाँकि, इस बार फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा कर रहे हैं। अजय देवगन की मुश्किलें बढ़ाने के लिए, आर. माधवन रकुल प्रीत सिंह के पिता की भूमिका निभाएंगे। फिल्म 14 नवंबर को रिलीज होगी।



# फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' एक दमदार और धमाकेदार प्रस्तुति

फरहान अख्तर की आने वाली फिल्म 120 बहादुर ने रिलीज से पहले ही दर्शकों और फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त चर्चा और उत्साह का माहौल बना लिया है। इस फिल्म को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में काफी उम्मीदें जगी हैं क्योंकि फरहान अख्तर हमेशा अपनी फिल्मों में नयापन और गहराई लाते हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म की खास बातें और क्यों इसे धमाकेदार माना जा रहा है।

### कहानी और विषय

120 बहादुर की कहानी पर अभी तक आधिकारिक तौर पर पूरी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन उपलब्ध संकेतों और ट्रेलर के अनुसार यह फिल्म एक साहसिक, देशभक्ति और जज्बे से भरपूर ड्रामा होगी। फिल्म में 120 ऐसे बहादुरों की कहानी दिखाई जाएगी जिन्होंने अपने देश या समाज के लिए अद्भुत और निडर भूमिका निभाई हो। फिल्म की कहानी भावनात्मक, प्रेरणादायक और वास्तविक घटनाओं पर आधारित होने की संभावना है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाएगी।

### फरहान अख्तर की भूमिका

फरहान अख्तर इस फिल्म में केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि निर्माता और निर्देशक के रूप में भी जुड़े हुए हैं। फरहान की फिल्में हमेशा उनकी सोच, विशिष्ट दृष्टिकोण और सामाजिक संदेश के लिए जानी जाती हैं। 120 बहादुर में उनकी भूमिका दर्शकों को नया नजरिया देने वाली है, जिसमें वे बहादुरी, संघर्ष और इंसानियत को बड़े पैमाने पर दिखाने की कोशिश करेंगे। उनका अभिनय इस बार भी उनकी पिछली फिल्मों जैसे रॉक ऑन! और दिल धड़कने दो जैसी फिल्मों की तरह दमदार और प्रभावशाली रहने की उम्मीद है।

# लता मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित होंगे सोनू निगम

भारत की शाश्वत स्वर कोकिला को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए, मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को इंदौर में एक भव्य समारोह में संगीत जगत की दो हस्तियों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार प्रदान करेंगे। प्रसिद्ध संगीत तिकड़ी शंकर-एहसान-लॉय को 2024 का सम्मान और बहुमुखी पार्श्व गायक सोनू निगम को 2025 का सम्मान। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 'स्वर कोकिला' की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह समारोह भारतीय शास्त्रीय और फिल्म संगीत में उनकी अद्वितीय विरासत को संरक्षित करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महान स्वर कोकिला लता मंगेशकर की 96वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा, सुर और उत्सव का मिश्रण प्रस्तुत करता है, जो देश भर के संगीत प्रेमियों को उस शहर में खींचता है जिसे कभी उनका घर कहा जाता था। परस्पर नगर स्थित प्रतिष्ठित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में शनिवार को शुरू हुए इस दो दिवसीय समारोह ने स्थानीय कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से मंच पर धूम मचा दी है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा, लताजी की आवाज ने पीढ़ियों को पार कर लिया है और हमारे राष्ट्र की आत्मा का ताना-बाना बुना है। शंकर-एहसान-लॉय और सोनू निगम जैसे कलाकारों को उनके नाम पर सम्मानित करना सिर्फ.एक पुरस्कार नहीं है - यह उनकी कालातीत धुनों और समकालीन भारत की जीवंत धड़कनों के बीच एक सेतु का काम करता है।



# मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

## एजीएम में नए पदाधिकारियों के नामों पर अंतिम मुहर



**नई दिल्ली।** मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष चुना गया है। जम्मू और कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) से जुड़े पूर्व क्रिकेटर मन्हास अब रोजर बिन्नी की जगह लेंगे। बीसीसीआई मुख्यालय में आयोजित वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में नए पदाधिकारियों के नामों पर अंतिम मुहर लगी है। इनके अलावा, देवजीत सैकिया सचिव पद पर बने रहेंगे, जबकि प्रभतेज भाटिया को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। मिथुन मन्हास को जम्मू और क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) की ओर से नामित किया गया था, जहां वह बतौर प्रशासक कार्यभार संभाल चुके थे। वह पहले अनकैप्ड क्रिकेटर होंगे, जो देश की सबसे मजबूत इकाई का नेतृत्व करेंगे। 1997/98 में घरेलू क्रिकेट की शुरूआत करने वाले मिथुन मन्हास ने भारत की अंडर-19 और ए टीम का भी प्रतिनिधित्व किया। मिथुन मन्हास दिल्ली की कप्तानी भी कर चुके हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने 2007-08 सीजन में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था, जिसमें उन्होंने 921 रन बनाए थे। घरेलू क्रिकेट में मिथुन मन्हास का प्रदर्शन शानदार रहा है।

### रोहन जेटली बीसीसीआई की इंफ्रास्ट्रक्चर समिति के अध्यक्ष चुने गए



मुंबई। दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की इंफ्रास्ट्रक्चर समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई की 94वीं वार्षिक आम बैठक रविवार को बोर्ड मुख्यालय में संपन्न हुई। दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास, रोजर बिन्नी के स्थान पर नए अध्यक्ष बने। राजीव शुक्ला और देवजीत सैकिया को क्रमशः उपाध्यक्ष और सचिव के रूप में फिर से चुना गया। मन्हास, शुक्ला, सैकिया, भाटिया और भट बीसीसीआई के नए पदाधिकारी हैं। भाटिया और भट को क्रमशः संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त, जयदेव शाह को बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में आम सभा का प्रतिनिधि चुना गया। अरुण सिंह धूमल और एम. खैरुल जमाल मजूमदार, इंडियन प्रीमियर लीग गवर्निंग काउंसिल के लिए चुने गए। बीसीसीआई ने पुरुष और महिला चयन समितियों का भी गठन किया, जिसमें अजीत अगरकर पुरुष समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे और पूर्व क्रिकेटर अमिता शर्मा महिला समिति की नई अध्यक्ष चुनी गईं। पुरुष समिति में अगरकर के साथ शिव सुंदर दास, अजय रात्रा और पूर्व भारतीय क्रिकेटर आर. पी. सिंह और प्रज्ञान ओझा शामिल होंगे, जबकि महिला समिति में अमिता के साथ श्यामा डे, सुलक्षणा नाइक, जया शर्मा और श्रावंती नायडू शामिल होंगी।

सट्टेबाजी एप के प्रचार का मामला

# ईडी जल्द कुछ एक्टर-क्रिकेटर की संपत्ति जब्त करेगी

## युवराज-रैना, सोनू सूद समेत कई से पूछताछ हो चुकी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने जा रहा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप 1xBet के प्रमोशन मामले में होगी। ऑफिशियल सोर्स ने बताया कि 1xBet एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने अलग-अलग तरह की संपत्ति खरीदने में किया है। ऐसे में इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की इन चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी। कुछ सेलिब्रिटीज की संपत्तियां संयुक्त अरब अमीरात (UAE) जैसे देशों में भी हैं। फिलहाल इनकी कीमत और मूल्यांकन किया जा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में ईडी ने 1xBet एप मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली सिनेमा) से पूछताछ की है। कुछ ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर्स से भी सवाल किए गए। ईडी ने खिलाड़ी, अभिनेता और इन्फ्लुएंसर्स के बयान मनी लॉन्ड्रिंग कानून (PMLA) की धारा 50 के तहत दर्ज किए हैं। कई सेलिब्रिटीज ने अपने बैंक अकाउंट और ट्रांजैक्शन की डिटेल्स भी दीं, जिनसे पता चला कि उन्हें एडवर्टाइजमेंट फीस कैसे मिली। कुछ और खिलाड़ियों और एक्टर्स से अभी पूछताछ बाकी है। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला (1xBet की इंडिया एंबेसडर) को भी बुलाया गया था, लेकिन वह उस समय विदेश में होने के कारण पेश नहीं हुईं। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (PMLA) के नियमों के अनुसार, अपराध से जुड़ी संपत्तियों को जब्त कर लिया जाता है ताकि दोषी उनका फायदा न उठा सकें।

# एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में श्रीहरि का शानदार प्रदर्शन

## 200 मीटर फ्रीस्टाइल में जीता रजत



**अहमदाबाद।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को शानदार प्रदर्शन किया। श्रीहरि ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता। श्रीहरि ने एक मिनट 48.47 सेकेंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46.83 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला। दो बार के ओलंपियन नटराज ने सुबह दूसरी हीट में दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। भारत के अनीश गौड़ा चौथी हीट में थे लेकिन चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके। नटराज ने उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में नौ स्वर्ण और एक रजत पदक जीते थे।

जीत | राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# मणिकांता ने 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीता



**रांची।** पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मणिकांता होबलीधर ने रविवार को राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बारिश से प्रभावित दिन में शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का खिताब 10.19 सेकंड में जीतकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। 10.19 सेकंड किसी भी भारतीय धावक द्वारा अब तक का दूसरा सबसे तेज समय है। मणिकांता का विजयी समय अनिमेष कुजूर के 10.18 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.01 सेकंड कम था। दौड़ के बाद, उन्होंने स्वीकार किया कि गीले ट्रैक ने उनके दौड़ने की गति में बाधा डाली। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य 10.10 मीटर का समय निकालना था, लेकिन गीले ट्रैक ने मेरी गति धीमी कर दी। मेरा लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में व्यक्तिगत पदक जीतना है। ऊंची कूद की एथलीट गोबिका, जिन्होंने पहले ही 1.79 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीत लिया था, को और ऊंचा स्थान हासिल करने के प्रयास में दाहिने घुटने में गंभीर चोट लग गई। दर्द से कराहते हुए उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा, जिससे दर्शक स्तब्ध रह गए। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में, स्नेहा एस.एस. (11.62 मीटर) ने सुदेशना शिवंकर (11.64 मीटर) और अभिन्या राजराजन (11.67 मीटर) को कड़े मुकाबले में पीछे छोड़ दिया। अभिन्या कमर की समस्या बढ़ने के बाद दर्द से कराहते हुए गिर पड़ीं। उन्हें ट्रैक से बाहर ले जाया गया। ओलंपियन क्वार्टर-मिलर राजेश रमेश ने अपनी दौड़ पूरी करने का सही समय निकाला और 80 मीटर की दूरी पर संतोष टी. को पीछे छोड़ते हुए सीजन के सर्वश्रेष्ठ 45.75 सेकंड के साथ पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 110 मीटर बाधा दौड़ में, मानव आर. ने तेजस शिरसे की अनुपस्थिति में अपना खिताब बरकरार रखा और 13.97 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता।

# सोमवार, 29 सितम्बर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए अक्टूबर महीने का यह पहला सप्ताह। शुभ साबित होगा। यदि आप पिछले कुछ समय से किसी बीमारी या किसी अन्य शारीरिक समस्या से पीड़ित थे तो इस सप्ताह आपको उससे राहत मिलेगी।

वृषभ राशि वालों को इस सप्ताह भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। सप्ताह की शुरूआत में ही आपको करियर या बिजनेस से जुड़ी कोई बड़ी सफलता मिल सकती है, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। इस सप्ताह में धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा।

मिथुन राशि के लिए सप्ताह लाभदायक होगा और नए अवसर लेकर आएगा। अगर आप लंबे समय से नौकरी या बिजनेस में बदलाव करने का विचार कर रहे हैं तो यह सप्ताह इसके लिए अच्छा रहेगा। आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

कर्क राशि के लिए अक्टूबर महीने का यह सप्ताह अनुकूल साबित होगा। इस सप्ताह धन योग बनने से आपको धन का लाभ भी मिलेगा। आपके काम की सराहना होगी। सहकर्मियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कोई नया मौका या जिम्मेदारी मिल सकती है।

सिंह राशि के जातकों के लिए अक्टूबर महीने का यह सप्ताह मिलाजुला रहेगा। आपको क्रोध और अहंकार से बचना होगा किसी के साथ हंसी मजाक करते समय मयार्दा का ध्यान रखें। कॉन्ट्रैक्ट और कमीशन पर काम करने वालों के लिए सप्ताह का मध्य काफी शुभ साबित होगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए सितंबर महीने का यह सप्ताह लाभप्रद और अनुकूल रहेगा। आपकी कोई चिरप्रतीक्षित मनोकामना पूरी होगी। आपको इस हफ्ते अपने कारोबार व्यापार को विस्तार देने में सफलता मिलेगी। रिश्तों मे आपसी तालमेल बढेगा।

तुला राशि के जातको के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहेगा। आपको अपने रिश्तों के साथ सेहत पर ध्यान देने की जरूरत होगी। सप्ताह की शुरूआत में घर के किसी प्रिय सदस्य से मतभेद या कहासुनी हो सकती है। सप्ताह की शुरूआत में घर की मरम्मत या सुख-सुविधाओं से जुड़ी चीजों पर अपनी जेब से अधिक खर्च करने से आर्थिक चिंता रहेगी।

इस सप्ताह वृश्चिक राशि के लोगों को अपनी मेहनत और प्रयास का पूरा लाभ मिलेगा। सप्ताह की शुरूआत में करियर कारोबार से जुड़ा कोई बड़ा अवसर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। किसी बड़ी योजना या संस्था के साथ मिलकर काम करने का भी आपको इस सप्ताह मौका मिलेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए सप्ताह मिलाजुला रहेगा। लाभ पाएंगे और पर्यटन का भी संयोग बनेगा। सप्ताह की शुरूआत में आपको काम के सिलसिले में लंबी या छोटी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा सुखद एवं लाभदायक सिद्ध होगी।

मकर राशि वालों को इस सप्ताह कार्यस्थल हो या घर परिवार किसी के बहकावे में आकर कोई भी फैसला लेने से बचना होगा। सप्ताह की शुरूआत में नौकरीपेशा जातकों के सिर पर अतिरिक्त काम का दबाव आ सकता है।

कुंभ राशि के जातकों के लिए अक्टूबर महीने का यह सप्ताह मिलाजुला रहेगा। सप्ताह की शुरूआत में परिवार से जुड़ी कोई समस्या परेशान करेगी। इस सप्ताह भूमि भवन या पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद के कारण आपको कानूनी मामलों में उलझना पड़ सकता है।

मीन राशि के जातको के लिए अक्टूबर महीने का यह सप्ताह शुभ रहेगा। सप्ताह की शुरूआत में भाग्य आपके साथ रहने से आपके सोचे हुए काम समय पर पूरे होंगे। नौकरीपेशा लोगों को पद और धन का लाभ मिलेगा। जो लोग नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे थे उन्हें बेहतर अवसर मिल सकते हैं।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# गरबा में शिक्षकों संग छात्रों के थिरके कदम

## प्रिल्यूड स्कूल व्यक्तित्व निखारने के उद्देश्य से लगाता है रात्रि शिविर





- नवाचार, संस्कार और मनोरंजन का रात्रि शिविर में हुआ अनूठा संगम

एनएनआई



**आगरा।** रंग-बिरंगे परिधानों में विद्यार्थियों ने शिक्षकों संग गरबा खेला। पारंपरिक लोक संगीत की थाप पर झूमते कदमों थिरकते कदमों ने गरबा ने जोश भर एकता और सौहार्द्र का संदेश दिया। यह नाजरा था प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल रात्रि शिविर का। नवाचार, संस्कार और मनोरंजन से भरपूर शिविर में नर्सरी से लेकर कक्षा दस तक के बच्चों ने जमकर मस्ती की। शनिवार को अपराह्न ढाई बजे से शुरू हुआ शिविर रविवार को प्रातः 10 बजे तक चला। नर्सरी कक्षा 10 तक के 550 से अधिक विद्यार्थी अपने अभिभावकों के बिना विद्यालय परिसर में रहे। शिविर में छात्रों के साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक और कर्मचारियों के अलावा विद्यालय की नर्स भी मौजूद रही। शिविर का प्रारंभ तरण-ताल तैराकी प्रतियोगिताओं (पूल बैश) के साथ हुआ। नर्सरी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने उमंग व जोश के साथ तैराकी का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। इसके अलावा पिक अप द बॉल, कार्डस, रिंग्स इत्यादि प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने जमकर लुत्फ लिया। वहीं कक्षा छह से दस तक विद्यार्थियों ने पारंपरिक खेलों आत्या-पात्या (महाराष्ट्रीयन खेल), फन विद रिडल्स, तंबोला आदि का रोमांच लिया। विजयी छात्रों को विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, सुनीता गुप्ता, प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव और रश्मि गांधी ने पुरस्कृत किया। रविवार को शिविर में प्रिल्यूडियंस ने शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास के लिए योगा किया। इसके अलावा कक्षा एक से दस तक के विद्यार्थियों ने वॉल हैंगिंग, की-रिंग, एनवेलप, कोस्टर, पेपर बैग, बंधनवार, जूट वॉल हैंगिंग और दीप सज्जा का प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ.शरद गुप्ता और डॉ. रुचि गुप्ता, विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, सुनीता गुप्ता, शलब गुप्ता, ईशा गुप्ता, प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव, अतिथि कविता अग्रवाल, शोभा जैन, अजय शर्मा, ब्रजेश शर्मा, अनिल जैन, ध्रुव जैन, अंकिता मांगलिक, अशोक सिंह और अजय कुमार राम मौजूद रहे। विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी की प्रस्तुतियों की सराहना की। विद्यालय के अक्स बैंड की शानदार प्रस्तुति व फिनाले गीत के साथ शिविर का समापन हुआ।

# डांडिया संग नेहरू नगर में 32 फुट ऊंचे रावण का होगा दहन



- दो दिवसीय आयोजन में गूंजेगी भक्ति की धुन और काव्य रस की बयार

एनएनआई

**आगरा।** विजयादशमी पर्व पर नेहरू नगर क्लब द्वारा भक्ति और संस्कृति के उत्सव का अनोखा संगम प्रस्तुत करने जा रहा है। 2 और 3 अक्टूबर को नेहरू नगर पार्क में दशहरा डांडिया और राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। रविवार को संजय प्लेस स्थित होटल पीएल पैलेस में क्लब द्वारा आयोजन का पोस्टर विमोचन किया गया। संस्थापक सतीश इंजीनियर ने बताया कि 2 अक्टूबर को डांडिया रास उत्सव का आयोजन होगा। इसके बाद 32 फुट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। संयोजक महेश सिंघल ने बताया कि इस बार पहली बार जनक महल की तर्ज पर 80 फीट लंबा और 35 फीट ऊंचा चा राजभवन तैयार किया जा रहा है, जो मैसूर राजभवन की झलक पेश करेगा। अध्यक्ष नवल शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन 3 अक्टूबर को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवि डॉ. विष्णु सक्सेना, डॉ. रूचि चतुर्वेदी, गौरी मिश्रा, हेमा शर्मा, सुदीप भोला, पवन आगरी, लटूरी सिंह लठ्ठ, दिनेश रघुवंशी और अनिल बेधड़क अपनी ओजस्वी व भावपूर्ण रचनाओं से वातावरण को भक्तिमय और साहित्यिक रंग में रंगेगे। डांडिया उत्सव का शुभारंभ समाजसेवी रामशरण मित्तल और भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता करेंगे। वहीं रावण दहन केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया के द्वारा होगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर शिल्पी गुप्ता, प्रभा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, पूनम शर्मा, मनीष गर्ग, पंकज गर्ग, नवीन गर्ग, सुधीर गुप्ता, नीतू सिंघल आदि उपस्थित रहे।

